# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–191 । सागर, मंगलवार, 29 अगस्त 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए


नगर पालिका की लापरवाही से गंदा पानी पीने को मजबूर रहवासी पृष्ठ 3
▪ कोटा के कोचिंग छात्रों की आत्महत्याएं: ये युवा खून किस के हाथों पर है! पृष्ठ 4
▪ केमिकल और सिंथेटिक रंगों से रंगी मिठाइयां बिगाड़ेगी सेहत पृष्ठ 6
नोडल अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वाहन करें: श्री आर्य पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### पदोन्नति को भी नियुक्ति बताकर प्रचारित करते हैं मोदी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि वह सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन पत्र बांटते हैं और फोटो खिंचवाकर इसे भी सरकारी नौकरी देने के रूप में प्रचारित करते हैं। श्री खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रचार पर भरोसा करते हैं। स्थिति यह है कि सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन पत्र बांटकर उसे भी नौकरी देने के रूप में प्रचारित करते हैं। उन्होंने कहा, सालाना दो करोड़ नौकरियाँ देने का वादा कर, मोदी जी हमारे युवाओं को इस तरह के ईएमआई के रूप में कुछ हज़ार भर्ती पत्र बाँट रहे हैं। आज भी बाँटेंगे। ताज़ा समाचारों से पता चला है कि इन सरकारी नौकरियों में उनके नाम भी हैं जिनको प्रोमोशन मिला है।

### राजस्थान में न्यूनतम मजदूरी में हुई बढ़ोतरी

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने श्रमिकों को आर्थिक सम्बल देने के लिए प्रत्येक वर्ग के लिए न्यूनतम मजदूरी की दरों में 26 रुपए प्रतिदिन की बढ़ोतरी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। अब अकुशल श्रमिक को 259 रुपए के स्थान पर 285 रुपए प्रतिदिन, अर्द्धकुशल श्रमिक को 271 रुपए के स्थान पर 297 रुपए प्रतिदिन, कुशल श्रमिक को 283 रुपए के स्थान पर 309 रुपए प्रतिदिन तथा उच्च कुशल श्रमिक को 333 रुपए के स्थान पर 359 रुपए प्रतिदिन मजदूरी प्राप्त होगी।

### ड्रग तस्करों की 2.1 करोड़ की संपत्ति जब्त

**श्रीनगर, एजेंसी।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने चालू वर्ष के दौरान ड्रग तस्करों की करीब 2.1 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर ली। बारामूला पुलिस ने तीन आवासीय घर, करीब 90.02 लाख मूल्य के तीन निजी वाहन और लगभग 1.2 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की है। स्वापक ओषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस)1985 की धारा के तहत पट्टन, क्रेरी, कमलकोट उरी और नांबला उरी बारामूला में ड्रग तस्करों की संपत्ति जब्त की गई।

### कांग्रेस नेता मुन्नम से ईडी ने की पूछताछ

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में कांग्रेस नेता संजय मुन्नम से प्रवर्तन निदेशालय के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ शुरू कर दी गई है। देवघर में चर्चित राय बंगला की जमीन खरीद मामले में भी ईडी ने कई लोगों को समन किया है। देवघर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय मुन्नम सहित कई अन्य लोगों को भी ईडी ने समन भेजा है। इस मामले में भाजपा नेता अभिषेक आनंद झा, अमरनाथ टेकरीवाल सहित अन्य लोगों से भी ईडी पूछताछ करेगी। उल्लेखनीय है कि बीते 23 अगस्त को ईडी ने मुन्नम, योगेंद्र तिवारी सहित कई अन्य लोगों के कुल 32 ठिकाने पर छापेमारी की थी।

### पुंछ व राजौरी से पीटीआई के झंडे किए गए बरामद

**जम्मू, एजेंसी।** इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान की तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के झंडे सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिलों में बरामद किए गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुंछ जिले के भिम्बर गली सेक्टर में मिडिल स्कूल सरुला में गुब्बारों से बंधे झंडे देखे गए और पुलिस ने इन्हें अपने कब्जे में ले लिया। राजौरी जिले के लाम इलाके से पाकिस्तान के राष्ट्रीय ध्वज और पीटीआई के झंडे के साथ बहुरंगी गुब्बारे भी बरामद किए गए। यह पता लगाया जा रहा है कि क्या ये झंडे नियंत्रण रेखा के पार से हवा में छोड़े गए थे या पुंछ और राजौरी जिलों के भीतर कहीं से।

### स्कूलों में मोबाइल फोन पर लगाया प्रतिबंध

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश सरकार ने राज्य भर के स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर विद्यार्थियों के स्कूलों में मोबाइल फोन लाने पर रोक लगा दी है। विभाग ने कक्षाओं में शिक्षकों द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। शिक्षकों को कक्षाओं में जाने से पहले अपने सेल फोन हेडमास्टर के पास जमा कराने का निर्देश दिया गया है। विभाग ने कहा कि यह प्रतिबंध यह सुनिश्चित करने के लिए लगाया गया है कि शिक्षण में कोई व्यवधान न हो।

---

नीतीश का संयोजक बनने से इनकार, बोले-

# मुझे कुछ नहीं बनना, हम लोग सबको एकजुट कर रहे



**पटना, एजेंसी।** विपक्षी दलों को एकजुट करने में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एकबार फिर दोहराया कि उन्हें कुछ नहीं बनना। उन्होंने कहा कि हमलोग सबको एकजुट कर रहे हैं।

- विपक्षी दलों की मुंबई में होनी अगली बैठक
- संयोजक के नाम की हो सकती है घोषणा

पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान आईएनडीआईए (इंडिया) गठबंधन में संयोजक बनाए जाने के संबंध में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम बराबर कह रहे हैं कि हमको कुछ नहीं बनना है। दूसरे लोगों को बनाया जाएगा। हमारी कोई इच्छा नहीं है। हम सबको एकजुट करना चाहते हैं । उन्होंने कहा, हमको कुछ व्यक्तिगत नहीं चाहिए। हम सबका हित चाहते हैं इसलिए कभी ये सब मत सोचिए कि हम व्यक्तिगत कुछ चाहते हैं। हमलोग तो सबको एकजुट कर रहे हैं । विपक्षी दलों की अगली बैठक मुंबई में होनी है। माना जा रहा है कि इस बैठक में संयोजक के नाम की घोषणा की जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी द्वारा भारत को असली आजादी 1977 में जेपी आंदोलन के बाद मिलने के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन लोगों की किसी बात पर हम ध्यान ही नहीं देते हैं। देश को आजादी कब मिली है। ये सबको मालूम है। उन्होंने कहा कि जिनको आजादी के बारे में नहीं मालूम है, इसका मतलब वो कितना ई-लीगल है। उन सब का कोई वैल्यू नहीं है।

### लालू ने कहा था, संयोजक को लेकर नहीं कोई विवाद

पिछले दिनों गोपालगंज पहुंचे आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने साफ कर दिया था कि इंडिया का संयोजक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही नहीं बल्कि कोई और भी हो सकता है। लालू प्रसाद ने कहा था कि गठबंधन में संयोजक को लेकर किसी तरह का कोई विवाद नहीं है और अगली बैठक में सभी दलों के लोग मिल-बैठकर तय कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा था कि तीन-चार राज्यों का एक कन्वीनर बनाया जाएगा और सहूलियत के लिए राज्यों में भी संयोजक नियुक्त किए जाएंगे। मुंबई में होने वाली तीसरी बैठक में 26 दलों के लगभग 80 नेताओं के शामिल होने की संभावना है। मुंबई की बैठक इंडिया गठबंधन का लोगो जारी किया जा सकता है। पहली बैठक पटना में 23 जून को हुई थी। बेंगलुरु में 17-18 जुलाई को दूसरी बैठक हुई थी।

### दिसम्बर में हो सकते हैं लोकसभा चुनाव



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सोमवार को कोलकाता में कहा कि भारतीय जनता पार्टी अगर लोकसभा चुनाव दिसंबर में ही करा दे, तो हैरानी नहीं होगी। ममता बनर्जी से पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी समय से पहले लोकसभा चुनाव की आशंका जता चुके हैं।

---

प्रधानमंत्री ने 51 हजार युवाओं को नियुक्त पत्र सौंपे, बोले-

# भारत जल्द शीर्ष-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी 28 अगस्त को 8वें राष्ट्रीय रोजगार मेले के तहत 51 हजार 106 युवाओं को नियुक्त पत्र सौंपे। देश भर में 45 जगहों पर रोजगार मेले का आयोजन हुआ।

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने सबको बधाई दी और कहा कि भारत बहुत जल्द टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होगा। मोदी ने कहा, देश के हर युवा का सपना है कि वो देश का प्रहरी बने। आप देश की सेवा के साथ-साथ यहां के नागरिकों की रक्षा भी करेंगे। इसलिए आप सभी आजादी के अमृत काल के अमृत रक्षक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता देश है। सरकार के प्रयासों ने मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग को कई गुना बढ़ा दिया है। भारत में बने फोन पूरी दुनिया में बिक रहे हैं। मोबाइल के बाद भारत अब दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर फोकस करेगा।

---

महात्मा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में लोकार्पण और भूमिपूजन में मुख्यमंत्री ने की घोषणा, कहा

# मेडिकल कॉलेज के सभी चिकित्सकों को मिलेगा 7 वां वेतनमान



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, गृह इत्यादी सभी विभागों में कार्यरत चिकित्सकों के लिए टीएसीपी की व्यवस्था लागू की जाएगी। इससे चिकित्सकों को समयबद्ध तरीके से वेतनवृद्धि मिलेगी और पदोन्नति की बाध्यता नहीं रहेगी। सीएम ने कहा कि हम यह भी सोच रहे है कि इसमें पांच, दस और पन्द्रह का फॉर्मूला लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों को सातवें वेतनमान का लाभ 1 अप्रैल 2018 से मिला, बाकी को 2016 से मिल गया। यह न्याय नहीं है इसलिए यह अन्याय को मैं समाप्त कर रहा हूं अन्य डॉक्टर के समान ही 1 जनवरी 2016 से सातवें वेतनमान का लाभ डॉक्टरों को दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज शासकीय महात्मा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में 2 हजार बिस्तरीय अस्पताल के निर्माण कार्य, नर्सिंग कॉलेज और हॉस्टल तथा ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां गांधी मेडिकल कॉलेज में 726 करोड़ के नए दो हजार बिस्तर के अस्पताल और ओपीडी ब्लॉक एवं नर्सिंग कॉलेज व हॉस्टल का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का सबसे तेज गति से विकास करने वाला राज्य बन गया है। इसका श्रेय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को जाता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान लगातार स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश में हिन्दी में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू की गई है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि मध्यप्रदेश स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बन रहा है। प्रदेश में 11 हजार हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर संचालित हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा मोहम्मद सुलेमान और स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदामा खाड़े सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक मौजूद थे।

### स्वास्थ्य अधोसंरचना पर एक नजर

- वर्ष 2002-03 में स्वास्थ्य का बजट मात्र 578 करोड़ रुपए था, जो वर्ष 2023-24 में लगभग 20 गुना बढ़कर 11 हजार 988 करोड़ रुपए हो गया है।
- 2003 में डॉक्टर्स और पैरा-मेडिकल स्टाफ की संख्या लगभग 7500 थी, जो अब बढ़कर 51 हजार से अधिक हो चुकी है।
- वर्ष 2003 तक प्रदेश में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 5 थी, जो वर्ष 2023 में बढ़कर 24 हो चुकी है।
- भोपाल तथा ग्वालियर मेडिकल कॉलेज की बिस्तर क्षमता को कुल 2 हजार 500 बिस्तर तक बढ़ाया गया।
- इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और रीवा में चार नए सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल प्रारंभ। ग्वालियर में 1 हजार बिस्तरीय अस्पताल भी प्रारंभ।
- अस्पताल में बिस्तरों की संख्या 21 हजार 234 से बढ़कर 45 हजार से अधिक हुई। आईसीयू बेड की संख्या 277 से बढ़कर 2085 हुई।

---

### गृह लक्ष्मी योजना की शुरुआत करेगी कर्नाटक सरकार



**मैसूर, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार 30 अगस्त को गृह लक्ष्मी योजना की शुरुआत करेगी। इसकी घोषणा कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गृह लक्ष्मी गारंटी योजना के मेगा लॉन्च कार्यक्रम में शामिल होंगे। सरकार की योजना के तहत बीपीएल परिवारों की महिला प्रमुखों को 2,000 रुपए मासिक दिया जाएगा। पत्रकारों से बात करते हुए सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि उनकी सरकार ने चुनाव के दौरान दी गई तीन गारंटी योजनाएं लागू की हैं। चौथी गृह लक्ष्मी योजना 30 अगस्त को मैसूरु शहर में लॉन्च की जाएगी। कार्यक्रम में मांड्या, मैसूरु, हासन, चामराजनगर और कूर्ग जिलों के लोग भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि लॉन्च कार्यक्रम में 1 लाख से अधिक लोग शामिल होंगे। इसमें सांसद राहुल गांधी और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी भाग लेंगे। खड़गे इस योजना का उद्घाटन करेंगे और मैं राहुल गांधी की उपस्थिति में समारोह की अध्यक्षता करूंगा। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि यह देश का एक बड़ा प्रोजेक्ट है।

एक साल के लिए सरकार 32,000 करोड़ और इस साल के लिए सरकार 18,000 करोड़ रुपये का खर्च कर रही है। इसके तहत 1.33 करोड़ परिवारों की महिला मुखियाओं को 2,000 रुपये मासिक भत्ता मिलेगा। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि गारंटी योजनाओं के लागू होने से हर परिवार के हाथ में 4,000 रुपए से 5,000 रुपए आएंगे।

---

रोजगार मेले में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री तोमर, कहा-

# रोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं युवा



**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि युवाओं को सरकारी नौकरी से आगे बढ़कर सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं के माध्यम से रोजगार के अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। श्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने घोषणा की थी कि हम इस वर्ष 10 लाख युवाओं को शासकीय रोजगार से जोड़ेंगे, प्रसन्नता है कि अभी तक करीब 5 लाख युवाओं को रोजगार मिल चुका है। वह सशस्त्र सीमा बल अकादमी द्वारा बैरागढ़ भोपाल में आयोजित रोजगार मेले में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें यह भी समझने की जरूरत है कि हम जितना अधिकारों के प्रति सजग हैं, उससे थोड़ा ज्यादा दायित्वों के प्रति भी सजग रहें।

### अधिकारों से ज्यादा दायित्वों के प्रति रहें सजग

उन्होंने कहा कि एक समय था जब भारत ऊंची उड़ान भरने की कोशिश करता था, तो लोगों को भरोसा नहीं होता था, लेकिन आज देश की ताकत बढ़ रही है, देश की जनशक्ति भी अपनी प्रामाणिकता सिद्ध कर रही है। जब नेतृत्व विजनरी हो, सक्रिय हो, देश के प्रति समर्पित हो और ऐसे नेतृत्व में देशवासियों को आगे बढ़ाने का जज्बा हो तो परिणाम अच्छे ही आते हैं। कृषि मंत्री श्री तोमर ने कहा कि तकनीक व जन-धन खातों का कमाल है कि प्रधानमंत्री ने अब तक पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 2.61 लाख करोड़ रुपए की राशि किसानों के खातों में जमा कराई हैं। विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों की योजनाओं में 9 वर्षों में डीबीटी के माध्यम से 25 लाख करोड़ रुपए देश की जनता तक शत-प्रतिशत पहुंचे है, न कोई बिचौलिया, न कमीशन एजेंट, यह देश की बड़ी सफलता है। पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए बड़ी-बड़ी बातें नहीं, नीति और नीयत का ठीक होना जरूरी होता है।

कार्यक्रम के दौरान भोपाल में सशस्त्र सीमा बल के निदेशक संजीव शर्मा, इंदौर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, केंद्र व प्रदेश सरकार के अधिकारी व नवनियुक्त कार्मिक मौजूद रहे।

---

# नूंह में 51 लोगों से हुई ब्रजमंडल यात्रा

- पुलिस ने मंदिर ले जाकर जलाभिषेक कराया
- बाहरी लोगों को प्रवेश नहीं दिया, धारा 144 लागू

**नूंह, एजेंसी।** हरियाणा के नूंह में विश्व हिंदू परिषद सर्वजातीय हिंदू महापंचायत और बजरंग दल के आह्वान पर हिंदू संगठनों की पैदल ब्रजमंडल यात्रा नहीं हो सकी। पुलिस नूंह बाइपास से 51 लोगों को पुलिस सिक्योरिटी में 3 गाड़ियों में लाई। उन्होंने पहले नलहरेश्वर मंदिर में जलाभिषेक किया। फिर गाड़ियों में उन्हें फिरोजपुर झिरका के रास्ते सिंगार स्थित राधाकृष्ण मंदिर पहुंचाया गया। वहां जलाभिषेक के बाद यात्रा का समापन हो गया। हिंदू संगठनों की यात्रा को सरकार और प्रशासन ने पहले ही अनुमति देने से इनकार कर दिया था। नूंह में बाहरी लोगों को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया गया।

### कर्फ्यू जैसा माहौल रहा

सोमवार को नूंह में कद्व्रत्फ्यू जैसा माहौल रहा। यहां के बाजार, स्कूल-कॉलेज सब बंद रहे। धारा 144 लागू कर दी गई थी। इससे पहले नूंह यात्रा में हिस्सा लेने अयोध्या से आए संत जगद्गुरु परमहंस आचार्य महाराज को प्रशासन ने गुरुग्राम सोहना टोल प्लाजा पर रोक दिया। 31 जुलाई को ब्रजमंडल यात्रा के दौरान हिंसा हुई थी, जिसमें 2 होमगार्ड समेत 6 लोगों की मौत हो गई थी।

### सरकारी कार्यालयों में पसरा रहा सन्नाटा

नूंह जिला प्रशासन ने सोमवार को लोगों को घरों से बाहर निकलने से मना करने पर बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। वहीं, सरकारी कार्यालय खुले रहे थे, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। हालांकि सरकारी मेडिकल कॉलेज में जरूर लोग पहुंचे। प्रशासन ने जलाभि षेक यात्रा को लेकर सोमवार को कड़े सुरक्षा इंतजाम किया था। वहीं गांवों में मस्जिदों के माध्यम से लोगों को घरों में रहने को कहा गया था। ऐसे में लोगों ने घरों में ही रहना मुनासिब समझा।

---

# जी-20 शिखर सम्मेलन : ब्रिटेन-अमेरिका समेत बड़े देशों के खुफिया एजेंटों ने डेरा डाला

- गगन से धरा तक हर गतिविविध पर सीक्रेट एजेंटों की नजर
- 20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष सम्मेलन में शिरकत करेंगे

• **जोगेन्द्र सोलंकी**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली में 9 से 10 सितंबर को होने वाले जी-20 सम्मेलन के लिए देश की सुरक्षा एजेंसियां से लेकर रॉ व आईबी तो चप्पे-चप्पे पर नजर रख ही रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर 20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष इसमें शिरकत करेंगे। इसलिए इन तमाम देशों की खुफिया एजेंसियों के सीक्रेट एजेंट भी दिल्ली आ चुके हैं। भारत की विदेशी खुफिया एजेंसी रॉ सभी खुफिया एजेंटो से तालमेल के लिए नोडल एजेंसी का काम रही है।

### राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार संभाल रहे कमान

बताया जा रहा है कि नेशनल सिक्युरिटी एडवाइजर खुद जी-20 सुरक्षा व्यवस्था की पूरी कमान संभल रहें है। बता दें कि अगले महीने 8 से 10 सितंबर तक जी-20 समिट को देखते हुए दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था के इतने कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं कि 28 जनवरी और 15 अगस्त को किए जाने वाले सुरक्षा इंतजाम भी फीके पड़ जाएं। जी-20 समिट में आने वाले राष्ट्राध्यक्षों की सुरक्षा के लिए उन देशों की सुरक्षा एजेंसियां भी भारत आने लगी है। जानकारी के मुताबिक आईबी और रॉ में एक खास डेस्क बनाया गया है जो अमेरिका की सीआईए, ब्रिटेन की एमआई-6 और चीन की एमएसएस एजेंसियों के भारत में आए एजेंटों से सूचनाओं को आदान प्रदान व सुरक्षा के तालमेल के लिए नोडल एजेंसी का काम कर रही है। दिल्ली के जिन होटलों में जी-20 मेम्बर देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री रुकेंगे उन होटलों की सुरक्षा के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल तक आने जाने वाले सभी रास्तों की जानकारियां भी इन देशों की सुरक्षा एजेंसियों के साथ शेयर की जा रही है जिससे आपसी सहयोग के जरिये सुरक्षा के बेहतर इंतज़ाम किये जा सके।

### सुरक्षा बलों के साथ कई दौर की बैठक हुई

सूत्रों के मुताबिक जी-20 सम्मेलन की सुरक्षा को लेकर आईबी दिल्ली पुलिस, नेशनल सिक्युरिटी गॉर्ड, अर्धसैनिक बलों के साथ साथ सेना के अधिकारियों के साथ कई दौर की बैठक हो चुकी है। जबकि रॉ विदेश एजेंटों से तालमेल स्थापित करने का काम कर रही है। बॉक्स भारतीय सेना भी जमीन से लेकर आसमान पर रखेगी नजर रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक सम्मेलन के दौरान एयरफोर्स और भारतीय सेना के हेलीकॉप्टर लगातार दिल्ली के आसमान गश्त करेंगे। इन हेलिकॉप्टर में सेना और एनएसजी के कमांडो हर वक्त मौजूद रहेंगें। एनएसजी ड्रोन हमले के खतरे को देखते हुए कई जगहों पर एन्टी-ड्रोन सिस्टम लगा रही है, जिससे दुश्मन के किसी भी साजिश को नाकाम किया जा सके। साथ ही दिल्ली की हाई राइज बिल्डिंगों पर एनएसजी और सेना के स्नाइपर तैनात होंगे।


## सार-समाचार

### महापंचायत में शामिल होगें किसान मित्र



**शाहगढ़, देशबन्धु।** भोपाल में होने जा रही महापंचायत में शामिल होने वाले किसान मित्रों दीदीयों की शाहगढ़ में बैठक हुई। कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के अंतर्गत बैठक में शाहगढ़ एंव बंडा ब्लाक के किसान मित्र दीदी उपस्थिति रही, किसान मित्र और दीदी अपनी बहाली के लिए संघर्ष कर रहे हैं किसान मित्र एवं दीदी ने बैठक कर आगामी भोपाल में होने वाली महापंचायत की रूपरेखा बनाई एवं तैयारी पर चर्चा की गई। किसान मित्र दीदी शाहगढ व्लाक अध्यक्ष करनसिंह यादव सिमरिया कलां ने बताया गया कि किसान मित्र एवं दीदी कृषि विभाग और शासन के बीच सेतु का कार्य कर रहे थे। 2019 में सरकार ने सेवाओं को समाप्त कर दिया था। तब से पुनः बहाली की मांग को करते आ रहे हैं। किसान मित्र दीदी जमीनी स्तर पर कार्य करते थे जिससे मप्र सरकार को पांच बार कृषि आबर्ड मिला, आगामी सितंबर माह में भोपाल में महापंचायत एवं महासम्मेलन कर सरकार से बहाली के लिए प्रदेश के 27 हजार किसान मित्र दीदी भोपाल जायेगें, बैठक में बडी संख्या में शाहगढ़ एवं बंडा के किसान मित्र दीदी शामिल हुये।

### जिनेन्द्र भगवान के वचन औषध के समान होते हैं: मुनिश्री



**खुरई, देशबन्धु।** प्राचीन जैन मंदिर में विराजमान मुनिश्री समयसागर ने अपने धर्मोपदेश में कहा कि जिनेन्द्र भगवान के वचन औषध के समान है, अनादिकाल से संसारी प्राणी पंचेन्द्रिय विषयों का भक्षण करके जन्म-जरा, मृत्यु रूपी रोग से ग्रसित है, इस रोग को भगवान की वाणी ही दूर करने में, क्षय करने में सक्षम है। कारण है, आगे यह बात भी रखी अपने उपदेश में कि ज्ञान पदार्थ को जानता है परन्तु ज्ञान के द्वारा अगर पदार्थ से प्रभावित हो गए और अच्छे-बुरे की अपने-परा, की कल्पना अगर हो जाती है तो वह कर्म बंध में कारण है, उस ज्ञान से संसार का अंत नहीं हो सकता इसीलिए ज्ञान वही श्रेष्ठ है शिक्षा वही श्रेष्ठ है जो जन्म और मृत्यु से ऊपर उठा दे, सभी ओर ज्ञान ज्ञान को महत्व दिया जा रहा है, मगर मात्र ज्ञान से ही नहीं, उसके सद् उपयोग से आत्मा का कल्याण होगा। दूसरे के दोष देखने की आदत इतनी पड़ गई कि वक्त ही नहीं मिलता अपने दोष देखने का और इतना ही नहीं अपने को दोषी होने के बाद भी अच्छा मानने का मजा भी हम ले लेते हैं। प्रवचन सभा का संचालन सुनील पिठौरिया एवं सहायोग अशोक शाकाहार ने किया।

### मिठाई दुकानों एवं मिठाई निर्माण स्थलों का किया निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल, सीएसपी दमोह अभिषेक तिवारी एवं कोतवाली टीआई विजय सिंह राजपूत, उपनिरीक्षक श्याम बैन के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने मिठाइ दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण कार्यवाही में शहर मे घंटाघर स्थित हनुमान गढ़ी स्वीट्स से हरे कृष्णा ब्रांड मावा बर्फी के नमूनें जांच हेतु लिए। उक्त परिसर में संग्रहित लगभग 4.2 क्विंटल हरे कृष्णा ब्रांड मावा बर्फी मूल्य 84000 रुपए का नियमानुसार जब्त किया गया। इसी तरह सिनेमा रोड स्थित न्यू लोकमन स्वीट्स से बर्फी का नमूना जांच हेतु लिया। उक्त परिसर में संग्रहित 2 क्विंटल मावा बर्फी एवं अन्य मिठाइयों मूल्य लगभग 36000 रुपए को नियमानुसार जब्त करके मौके पर विनष्टीकरण करवाया। इन मावा बर्फी एवं बर्फी के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मिठाई एवं खोवा विक्रेताओं को उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित मिठाइयों का विक्रय करने के निर्देश दिए। इस कार्यवाही में कोतवाली दमोह से उपनिरीक्षक योगेंद्र गायकवाड़, योगेंद्र यादव एवं स्वाति जाट उपस्थित रहे है।

### शिवालय मंदिर में गूंजे, हर हर भोले नमः शिवाय के जयकारे

**राहतगढ़, देशबन्धु।** श्रावण मास के आखिरी और आठवें सोमवार को प्राचीन शिवालय मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से लेकर देर रात तक लगी रही। नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओ ने भगवान शिव का पंचामृत से अभिषेक करके श्रीफल, जनेऊ, सुपारी, अक्षत, पुष्प आदि अर्पित किए। वही नगर के बनेनीघाट मंदिर, श्यामलिया सरकार मंदिर, राघवजी मंदिर, बिहारी जी मंदिर, टेकरीधाम आदि देवालयो में सावन के झूले पड़े हैं। झूला देखने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। राधा कृष्ण मंदिरों में महिलाएं शाम से लेकर देर रात तक भजन कीर्तन कर रही है।

# पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू



**मालथौन, देशबन्धु।** मप्र में राजस्व विभाग के पटवारियों की हड़ताल गत दिनों से जारी है। सोमवार से कलम बन्द, लैपटॉप बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। पटवारियों की हड़ताल से राजस्व संबंधी काम काज ठप पड़ गए। हड़ताल से किसानों, अन्य लोगो के काम काज प्रभावित होंगे। पटवारी संघ के आह्वान पर जिले के मालथौन तहसील पटवारी संघ ने सम्मलित होकर, 26 वर्ष पुरानी न्यायोचित मांगो हेतु आन्दोलन में शामिल हो गए है। विगत दिनों पटवारियों ने कलेक्टर के नाम संबोधित ज्ञापन दिया था जिसमें दूसरे चरण में 23 अगस्त से तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहे। 26 अगस्त को भोपाल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। परन्तु मप्र शासन ने पटवारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया जिस कारण शासन की पटवारियों के प्रति उपेक्षा से व्यथित होकर मप्र के पटवारी तीसरे चरण में प्रवेश कर रहे हैं। 28 अगस्त से प्रदेश के समस्त पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। उन्होंने कलमबंद लैपटाप बंद हड़ताल पर रहेंगे।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए पटवारी



**बीना, देशबन्धु।** पटवारियों ने अपनी मांगे पूरी नहीं होने पर सोमवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को लेकर अपने बस्ते तहसील कार्यालय में जमा करने के साथ ही तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा, संघ के सदस्यों का कहना है कि मप्र पटवारी संघ के प्रांतीय आवाहन पर 18 अगस्त को ज्ञापन दिया गया था। जिसमें हमारी विभिन्न लंबित मांगों को शामिल किया गया था। हाल ही में 23 से 25 अगस्त तक सामूहिक अवकाश पर भी रहे। इसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। पटवारियों ने बताया कि 2800 ग्रेड पे की मांग को लेकर पूर्ण कलम बंद हड़ताल शुरू हो गई है और सभी पटवारियों ने अपने-अपने बस्ते जमा कर दिए हैं। बीना तहसील के 47 पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल के चलते जहां एक ओर शासकीय काम प्रभावित होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में अवध असाटी अध्यक्ष, संदीप श्रीवास्तव सचिव, संदीप ठाकुर, नीलम मेहरोरिया, रिंकी जैन, मोहन सेन, गायत्री भोजक सहित अन्य पटवारी मौजूद रहे।

### निःशुल्क दिव्यांग शिविर का हुआ आयोजन



**मालथौन, देशबन्धु।** क्षेत्र का हर नागरिक स्वस्थ्य रहे और हर वर्ग के व्यक्ति तक विकास पहुंचे ऐसा मंत्री भूपेन्द्र सिंह का प्रयास है। इसीलिए मालथौन में मंत्री भूपेन्द्र सिंह के निर्देश पर दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। आज क्षेत्र के नागरिकों को अच्छे स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली, आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं दी जा रहीं हैं। यह बात अभिराज सिंह ने मालथौन के उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में आयोजित दिव्यांग शिविर में कही। उन्होंने कहा कि आज यहां दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया है। जिसका उद्देश्य है कि दिव्यांगजन अपनी समस्याएं विशेषज्ञ डॉक्टरों को बता सकें व अपना चेकअप करा सकें। जिनको इलाज व उपकरण की आवश्यकता है, उनको भाजपा सरकार व मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा निःशुल्क इलाज कराया जाएगा व उन्हें निःशुल्क उपकरण भेंट किए जाएंगे। जिन दिव्यांगों को स्कूटी की आवश्यकता है वह इस शिविर में आवेदन कर सकते है। शिविर में 192 अस्थि बाधित, 55 दृष्टि बाधित, 72 श्रवण बाधित एवं 25 मानसिक रूप से दिव्यांग सहित कुल 344 लोगों की जांच की गई।

### उन्नाव विधायक ने कहा बीजेपी सरकार ने किया सबका विकास



**बीना, देशबन्धु।** बीना जिला बनने लायक है। आगामी समय में बीना जिला बनाया जाएगा। बीना की जनता की जन भावनाओं का भाजपा सम्मान करेगी। यह विषय मेरे संज्ञान में आया है। यह बात बीना के रेस्ट हाऊस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान उप्र के उन्नाव विधायक पंकज गुप्ता ने कही। बीना में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। बीना में एक ओवर ब्रिज बनकर तैयार हो गया है। साथ ही दो ओवर ब्रिज भी जल्दी बनकर तैयार होने वाले हैं। बीना ही नहीं भाजपा की सरकार में पूरे देश और प्रदेश में विकास हुआ है। भाजपा मप्र में आगामी विधानसभा चुनाव जीतने कई जतन कर रही है। हर विधानसभा में अलग-अलग राज्यों के विधायकों को भेजकर जमीनी हकीकत जानने भेजा गया है। बीना में उन्नाव सदर से विधायक पंकज गुप्ता लगातार सात दिन तक कार्यकर्ताओं से मिलकर भाजपा को जिताने एडीचोटी का जोर लगाते रहे। सभी नेताओं के दिल मिलाने एक साथ भोजन भी करते रहे। पत्रकारवार्ता में उप्र की योगी सरकार से शिवराज सरकार को बेहतर बताने से भी नहीं चूके। यही नहीं भाजपा के मुकाबले में कोई भी दल न होने का दंभ भरते नजर आए। जब भाजपा में गुटबाजी चरम पर होने और बीना गौरव दिवस पर नगरपालिका के आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पार्षदों पदाधिकारियों के नदारद होने का सवाल किया तो वह अनजान बन गए और जानकारी लेने की बात कहते नजर आए। इस दौरान बीना विधायक महेश राय, पूर्व विधायक डॉ. विनोद पंथी, मनोज शर्मा, विजय हुरकट, कमलेश राय, नगर अध्यक्ष शुभम तिवारी, लोकेंद्र सिंह, संजय सिंह ठाकुर, अवधेश राय सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मकान से सोने चांदी के जेवरात चोरी

**सागर, देशबन्धु।** ग्राम सलैया में एक मकान में सेंध लगाकर चोर सोने चांदी के जेवरात लेकर भाग गए। वारदात सामने आते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार फरियादी रज्जन पुत्र हनमत सिंह लोधी उम्र 52 साल निवासी सलैया बिनैका ने शिकायत में बताया कि वह किसानी करता है। रोजाना की तरह परिवार के साथ खाना खाया। रात करीब 11 बजे मैं और परिवार के लोग अपनी-अपनी जगह पर सोने चले गए। घर के एक कमरे में पेटी में सोने चांदी के जेवरात रखे थे। सोने के पहले कमरे में जाकर देखा तो पेटी वहीं रखी थी। उस कमरे में कोई नहीं सो रहा था। बाजू वाले कमरे में परिवार के लोग सो रहे थे। सुबह करीब 6 बजे सोकर उठे तो देखा कि कमरे के दरवाजे खुले हैं। अंदर जाकर देखा तो पेटी में रखे पुराने इस्तेमाली पांचाली, मंगलसूत्र, चूड़ी सेट, झुमकी, तिदाना सोने की, पायल, करधौनी, कटडोरा, चूड़ा, चांदी का सामान और दैनिक उपयोगी सामान पेटी में नहीं था। वारदात सामने आते ही बिनैका थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने वारदात स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। वहीं शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की है।

### सबसे बड़ा धन हमारे पास ज्ञान है: मुनि श्री सुब्रत सागर



**बीना, देशबन्धु।** श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विराजमान मुनिश्री सुब्रत सागर ने आगामी रक्षाबंधन पर्व पर सोमवार से दो दिवसीय रक्षाबंधन विधान का प्रारंभ हुआ तत्पश्चात् धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे बड़ा धन हमारे पास ज्ञान ही है लक्ष्मी की सवारी उल्लू है और सरस्वती की सवारी हंस है अब वह हमारे ऊपर है कि हम अपने ज्ञान के अनुसार किसको सर्वोपरि मानते हैं। अगर लक्ष्मी को महत्व देना है तो आपको उल्लू बनना पड़ेगा और अपने अंदर अगर सरस्वती को विराजमान करना है तो हंस भी सवारी करना पड़ेगी अतः प्रतीकात्मक रूप से अगर हम देखें तो हमसे हमारे पास दोनों की इंडिकेटर है अर्थात निशान है अब हम दोनों में आपको धर्म बताते हैं। लक्ष्मी की सवारी उल्लू कभी एक जगह नहीं बैठता उसका काम तो भ्रमण करना है आता है लक्ष्मी आज हमारे पास है तो जरूरी नहीं कि कल भी आपके पास रहे यह चलाये मान प्रक्रिया है। उसकी तरफ हमारी सबसे दूसरी तरफ हमारे सरस्वती माता का रूप तो विराजमान है और स्थाई होता है क्योंकि वह बैठने वाली मुद्रा में ही रहती हैं अतः हमारे अंदर अगर सरस्वती का वास है तो हमारा ज्ञान का भंडार विस्तृत होता जाएगा और ज्ञान की प्राप्ति ही हमारे धर्म का स्वरूप है। धर्म सभा में धर्म प्रेमीजन उपस्थित रहे।

### ट्रक की टक्कर में शिक्षक की मौत

**सागर, देशबन्धु।** सुरखी थाना क्षेत्र में सागर-नरसिंहपुर हाईवे पर स्थित टोल प्लाजा के पास ट्रक ने बाइक सवार शिक्षक को टक्कर मार दी। टक्कर में शिक्षक गंभीर घायल हुए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर किया गया। परिवार वाले घायल शिक्षक को नागपुर इलाज के लिए लेकर गए थे। तभी रास्ते में शिक्षक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार सुखदेव पुत्र मोहनलाल कोरी उम्र 45 साल निवासी रविशंकर वार्ड गौंसरा स्कूल में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। वे 17 अगस्त को काम से स्कूल के संकुल बम्हौरी बीका जा रहे थे। तभी हाईवे पर टोल प्लाजा के पास ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर में शिक्षक सुखदेव गंभीर घायल हुए। उन्हें घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालात में सुधार नहीं होने पर परिवार वाले घायल शिक्षक को इलाज के लिए नागपुर लेकर पहुंचे। लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। जिसके बाद परिवार वाले शव लेकर सागर पहुंचे। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा बनाया। पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है। वहीं मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### सामाजिक समरसता उपखंड बांदरी द्वारा निकाली गई विश्व मंगल धर्म ध्वजा यात्रा



**बांदरी, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी संघ की गतिविधि बांदरी में सामाजिक समरसता विभाग उपखंड बांदरी द्वारा श्रावण सोमवार के उपलक्ष्य में सर्व हिंदू समाज के सहयोग से समरसता विश्वमंगल यात्रा निकली गई। यह यात्रा श्री हनुमान मंदिर से सुबह 9 बजे प्रारंभ हुई, यात्रा में नगर एवं आसपास के ग्राम से सर्व हिंदू समाज के हजारों बंधु एकत्रित हुए। यात्रा खेजरा महाकाल धाम पहुंची। जिला सामाजिक समरसता प्रमुख नरेंद्र उसरेंट ने बताया कि धर्म ध्वजा यात्रा का उद्देश्य सभी समाज को एकरस समरस कर तथा सर्व हिन्दू समाज का जागरण कर भारत माता को पुनः विश्व पटल पर स्थापित करना है। यात्रा में सामिल धर्मेंद्र राय ने बताया की इस प्रकार के आयोजन से सर्वहिंदू समाज का एकत्र आने का भाव बनता है। तो वही धाम पर सेवा दे रहे पं. महेश नारायण तिवारी ने बाबा महाकाल की महिमा के बारे में बताया कि यहां यह मंदिर का निर्माण 108 पुष्य नक्षत्र में हुआ है जो 9 वर्ष में पूर्ण हुआ है वही सावन सोमवार मैं जो भक्त श्रद्धा भाव से यहां आकर पूजन अभिषेक करते हैं तो उन्हें शिवजी का साक्षात् आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### नवीन कृषि उपज मंडी में 151 लाख से बनेंगे दो ट्राली शेड: लखन सिंह



**खुरई, देशबन्धु।** मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ने खुरई के नवीन कृषि उपजमंडी प्रांगण में दो ट्रॉली शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अंतर्गत कृषि उपज मंडी खुरई के प्रांगण में 151 लाख की लागत से बोर्ड निधि द्वारा दो भव्य ट्रॉली शेड का निर्माण कराया जाना है। इस अवसर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री प्रतिनिधि ने कहा कि आप सभी किसान भाई जितना खाद बीज लेना चाहें, पर्याप्त संख्या में स्टाक है। आप अपना खाद, बीज समय पर ले लें, बाद के लिए न रूकें ताकि आपको खाद, बीज लेने के लिए लाईन में न लगना पड़े। अभी बोबनी में लगभग माह से डेढ़ माह का समय है, फिर बाद में आपको परेशानी होती है इसलिए अभी अपना खाद, बीज लेकर घर व खेत की गोदाम पर सुरक्षित भंडारण करें। लखन सिंह ने राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं की जानकारी दी। ट्राली शेड बनने से किसानों को अपनी अनाज से भरी ट्राली शेडों में रखने की सुविधा बढ़ेगी। इसमें किसानों की उपज बारिश में खराब नहीं होगी वहीं गर्मियों के मौसम में धूप से बचाव होगा।

### नाबालिग का अपहरण कर सामूहिक दुष्कृत्य करने वाले आरोपियो को आजीवन सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कृत्य करने वाले दोनों आरोपियो को दोषी करार देते हुये अभियुक्त बॉबी खंगार को भादवि की धारा 366 के तहत 5 वर्ष सश्रम कारावास व एक हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा 376(डी)(ए) के तहत आजीवन सश्रम कारावास व पांच हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा 376(3) सहपठित धारा 511 के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास व पांच हजार रूपये अर्थदण्ड तथा अभियुक्त जॉनी बाबू खान को भादवि की धारा 363 के तहत 5 वर्ष सश्रम कारावास व एक हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा 366(क) के तहत 5 वर्ष सश्रम कारावास व एक हजार रूपये अर्थदण्ड धारा 376(डी)(ए) के तहत आजीवन सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड तथा धारा 4/17 पॉक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट 2012 नीलम शुक्ला जिला सागर की अदालत ने दंडित किया है। न्यायालय द्वारा बालिका के पुर्नवास के लिये उसे क्षतिपूर्ति के रूप में युक्तियुक्त प्रतिकर 400000 रूपये दिये जाने का आदेश दिया। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना का इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता बालिका के पिता ने 28 अगस्त 2021 को पुलिस थाना शाहगढ़ में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि 27 अगस्त 2021 को रात करीब 9 बजे वह सभी खाना खाकर सो गये थे। रात 12.30 बजे उसकी पत्नि ने उसे जगाया और बताया कि बालिका घर में नहीं है। फिर वह लोग बालिका को आसपास ढूंढते रहे पर बालिका कहीं नहीं मिली, तब बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने की शंका व्यक्त की।

31 अगस्त 2021 को बालिका के दस्तयाब होने पर उसने बताया कि 27 अगस्त 2021 की रात को अभियुक्त बॉबी खंगार एवं जानी बाबू खान द्वारा उसको पकड़कर मुंह बंद करके जबरदस्ती मोटरसाईकिल पर बैठाकर ले जाकर अभियुक्तो द्वारा उसके साथ बलात्कार करना तथा मना करने पर जान से मारने की धमकी देना बताया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

### हवन पूर्णाहूति के साथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण का हुआ समापन



**सागर, देशबन्धु।** तिली रोड बैंक कॉलोनी के पशुपतिनाथ मंदिर में आयोजित पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम का सोमवार को हवन पूर्णाहूति के साथ समापन हो गया। पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि 21 अगस्त से शुरू हुए रूद्री निर्माण कार्यक्रम का हवन पूर्णाहूति के साथ समापन किया गया प्रातः 10 बजे से मंदिर के प्रधान देव भगवान पशुपतिनाथ महाभिषेक किया गया, 12 बजे से रुद्रष्टाध्यायी हवन प्रारंभ हुआ जो अलग अलग पारियों में चला दोपहर 2 बजे पूर्णाहूति और महाआरती की गई। शाम 4 बजे से कन्याभोज और भंडारा प्रारंभ हुआ जो देर रात्रि तक चलता रहा। अंतिम दिवस के यजमान रमेश चौरसिया और के पी गांधी रहे। पूजन पं. प्रदीप तिवारी द्वारा संपन्न कराया गया। हवन पूर्णाहूति में अखिलेश शर्मा, आरपी मिश्रा, डब्बू गर्ग, अभिषेक व्यास, राघवेंद्र सिंह राजपूत, राजेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### विश्व व्यापार नहीं विश्व एक परिवार है: मुनिश्री




**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर के बड़ा मंदिर परिसर में मुनिश्री विरंजन सागर के सानिध्य में प्रदेश स्तरीय वैश्य मिलन समारोह आयोजित किया गया समारोह में समाज की एकता तथा सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य को लेकर वैश्य मिलन समारोह महासम्मेलन में वैश्यों को संगठित कर सभी क्षेत्रों में जोड़ने पर जोर दिया है। प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों सहित सागर जिला अध्यक्ष निकेश गुप्ता ने कहा कि वैश्य सम्मेलन के माध्यम से हमें वैश्य समाज के अंतिम छोर तक वैश्य के पास पहुंचना होगा और एकजुटता के साथ समाज के सुख दुख में भागीदार बनना होगा। क्योंकि, संगठित होकर ही हम समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। मुनि श्री विरंजन सागर ने धर्मसभा में वैश्य महासम्मेलन की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि संगठित होकर ही वैश्य अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। संगठन में महिलाओं और युवाओं की भूमिका भी मजबूत होना चाहिए। राजनैतिक भागीदारी भी मजबूत हो और समाज की उन्नाति के लिए अच्छी शिक्षा आवश्यक है, विश्व एक व्यापार नही, विश्व एक परिवार है, जहां पर सब मिल जुलकर सर्वधर्म जाति के लोग रहते हैं, संत का आशीर्वाद सबके लिए होते हैं संत ने भावना रखी और संगठित करने के लिए तत्पर होना पड़ा, नीचे के साथ-साथ सब जीवों का भी कल्याण हो जाए इसी उद्देश्य को लेकर ही ऐसे सम्मेलन आयोजित कराए जा रहे हैं, संतों और संस्कृति पर होने वाले कुठाराघाट को रोकने ऐसे सभी संगठन को आंगें आना होगा, जनसंत ने कहा कि सूर्य के अंदर कोई भेद नहीं होता, सड़क सभी के लिए होती है, सरिता का पानी सबके लिए होता है, संत जैनों के नहीं जन-जन के संत होते हैं। वैश्य संगठन एकता का परिचय है एकता संगठन के बिना देश का विकास नहीं हो सकता। संचालन डॉ. अशोक जैन, पदम जैन ने किया। अंत में आभार जिला उपाध्यक्ष कमल डेवडिया ने माना। कार्यक्रम में वैश्य समाज जन व महिलाएं उपस्थित रहीं।

## सार समाचार

### मतंगेश्वर मंदिर में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

**खजुराहो, देशबन्धु।** विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो के चंदेलकालीन मतंगेश्वर मंदिर में श्रावण मास के आठवें और सोमवार पर शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ी,आज सुबह से ही शिवभक्तों का आना शुरू हो गया जो देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान शिवभक्तों ने मतंगेश्वर शिवलिंग पर जल अर्पण करते हुए पूजा अर्चना की। गौरतलब है कि इस वर्ष हिन्दू परंपरा के अनुसार सावन माह के साथ अधिमाष सावन भी था,जिस कारण इस बार 8 सावन सोमवार हुए, सावन सोमवार शिवभक्ति के लिए अनुकूल माना जाता है, इसलिए आज आठवें श्रावण सोमवार पर शिव मंदिर में भारी भीड़-भाड़ बनी रही, साथ ही कांवडियों की यात्राओं के आने का सिलसिला भी चलता रहा, आज महाराजपुर विधायक-नीरज दीक्षित ने भी कांवड़ यात्रा निकाली तथा ग्राम बेनीगंज तथा बमनोरा से भी कांवड़ यात्रा निकली।

### जेल में बंदियों को बहनें बांध सकेंगी राखी जेल प्रशासन ने की व्यवस्था

**छतरपुर, देशबन्धु।** रक्षा बंधन के अवसर पर जेल में बंद बंदियों को उनकी बहनें 30 अगस्त को राखी सुबह 8 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक बांध सकेंगीं। क्योंकि यह विशेष मुलाकात का समय रखा गया है। पुरुष बंदियों से मुलाकात एवं राखी बांधने हेतु उनके परिवार की महिला सदस्य और 6 बर्ष से कम उम्र के बच्चों को जेल गेट के अंदर प्रवेश दिया जाएगा। जेल अधीक्षक केके कुलश्रेष्ठ ने बताया कि एक बंदी से मुलाकात का अधिकतम समय 10 मिनट होगा। बंदियों के परिजनों को पहचान पत्र लेकर आना होगा तथा मुलाकात के दौरान कीमती सामान और मोबाइल आदि लेकर प्रवेश वर्जित रहेगा। साथ ही पके हुए भोजन की अनुमति नहीं रहेगी केवल मौसमी फल और 200 ग्राम मिठाई ही जेल गेट के अंदर ले जा सकेंगे। नारियल जेल के अंदर पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन द्वारा पूजा की थाली उपलब्ध कराई जाएगी, केवल रूमाल, राखी, चंदन लेकर जाना होगा। एक कैदी से मुलाकात करने वाले परिजन एक ही बार में जा सकेंगे। नगद पैसा लेनादेना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। मुलाकात के दौरान जेल प्रशासन द्वारा ली जाने वाली तलाशी में सहयोग करें और किसी तरह की विवादित स्थिति उत्पन्न न करें अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### दो किलो अवैध गांजा बरामद

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस ने बीती रात शहर के महोबा रोड पर एक युवक को करीब 2 किलो अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। उक्त कार्यवाही ?वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर की गई है। थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि बीती रात उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि महोबा रोड पर ओवरब्रिज के पास एक युवक अवैध गांजा लिए घूम रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में 20 वर्षीय आरोपी ने बताया कि वह मूलत: बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम रिछाई का रहने वाला है और वर्तमान में छतरपुर की बजरंग नगर कॉलोनी में रहता है। उसके कब्जे से पुलिस को 2 किलो अवैध गांजा मिला जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को जेआर पर न्यायालय पेश किया गया जहां से जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

36 करोड़ की लागत वाली नल-जल योजना पर उठे सवाल

# नगर पालिका की लापरवाही से गंदा पानी पीने को मजबूर रहवासी





***नौगांव, देशबन्धु।*** *नगर पालिका परिषद के द्वारा पेय जलकर बढ़ाने के बाद भी रहवासियों को शुद्ध पीने योग्य जल नहीं मिल रहा है। जिले के दूसरे सबसे बड़े शहर में शुमार नौगांव की सवा लाख के लगभग आबादी है। जहां रोजाना 46 लाख लीटर से अधिक की पानी की सप्लाई होती है। करीब 8 वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री ने नगर को 36 करोड़ की लागत वाली नलजल योजना की सौगात दी थी, जो वर्तमान परिवेश में डगमगाने लगी है।*

*दरअसल योजना के तहत जो पानी नालों में सप्लाई किया जा रहा है वह गंदा और दूषित होने के कारण लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। जब से नलजल योजना के ठेकेदार ने सप्लाई का कार्य नगर पालिका को सौंपा है तब से नलों में दूषित पानी आ रहा है। इतना ही नहीं इस पानी में कीड़े भी निकल रहे हैं। शहर के वार्ड नम्बर 1,2,3 के भूपत विश्वकर्मा, मोहन यादव, चंचल सक्सेना, प्रदीप सुल्लेरे, पारीक्षत कुशवाहा, लक्ष्मी प्रजापति, ब्रजकिशोर कुशवाहा सहित शहर के अन्य रहवासियों ने बताया कि नगरपालिका शुद्ध पेयजल देने के नाम पर 1 सौ 62 रुपए जलकर वसूल रही है, उसके बावजूद दूषित पानी दिया जा रहा है।नगर परिषद के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते नलों में गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है। इसकी वजह से बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। इस संबंध में वार्डवासियों ने बताया कि नलों में गंदा पानी आने के कारण लोग बहुत परेशान हैं। पीने के पानी के लिए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।*

### योजना में लग गया पलीता

*बता दें कि वर्ष 2015-16 में मुख्यमंत्री ने इस योजना की सौगात थी। जिसके निर्माण और पांच वर्ष तक रख-रखाव के साथ शुद्ध जल सप्लाई की जिम्मेदारी बानको प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी ग्वालियर एवं के.जी. डेवलॉपर्स भोपाल को दी गई थी। उक्त दोनों कंपनियों की देखरेख में योजना का लाभ लोगों को मिला। फिल्टर प्लांट पर 24 घंटे 1 दर्जन कर्मचारी काम करते थे, जिससे जल सप्लाई निर्बाध रूप से होती रही। लेकिन कंपनी का अनुबंध समाप्त होने के बाद 31 मार्च 2023 को जैसे ही जल सप्लाई का कार्य नगर पालिका के पास आया वैसे ही व्यवस्था गड़-बड़ा गई है। इसके बाद से फिल्टर प्लांट की व्यवस्थाएं भगवान भरोसे चल रही है। फिल्टर प्लांट पर मौजूद नपाकर्मी बिना किसी मापदंड के पानी में ब्लीचिंग पाउडर और फिटकरी मिला रहे हैं। नदी से आने वाला पानी फिल्टर प्लांट के एक कुंए में आता है, जहां जल को शुद्ध करने का कार्य किया जाता है, लेकिन इन दिनों ऐसा कुछ नहीं हो रहा है।*

### 25 फीसदी खर्च हो रही ब्लीचिंग एवं फिटकरी

*धसान नदी पर बने फ़िल्टर प्लांट पर पहले पानी फ़िल्टर करने के लिए एक बार में 1 क्विंटल ब्लीचिंग पाउडर, 250 किलो फिटकरी को मिलाकर पानी को फ़िल्टर किया जाता था। लेकिन पिछले कई महीनों से फिटकरी एवं ब्लीचिंग पाउडर के नाम पर प्लांट पर बड़ा खेल हो रहा है, प्लांट के सूत्रों ने बताया कि जल को फिल्टर करने के लिए जिस हिसाब एवं तय मापदंड से फिटकरी एवं ब्लीचिंग पाउडर खर्च होता था उसमें अधिकारियों ने घलामेल करते हुए पानी को शुद्ध करने के लिए सिर्फ नाममात्र की फिटकरी एवं पाउडर डाला जा रहा है,इसी कारण से लोगों के घरों में पेयजल शुद्ध न आकर गंदा आ रहा है।*

### इनका कहना है

*मामले में नौगांव ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ.रविन्द्र पटेल का कहना है कि दूषित पानी पीने से पेट संबंधी बीमारियां होने की आशंका है, उल्टी, दस्त, डायरिया जैसी बीमारी इसे पीने से हो सकती हैं।*

***-डॉ.रविन्द्र पटेल,***
***ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, नौगांव***

*हमारा उद्देश्य शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है, मुझे गंदे पानी की सप्लाई के बारे में जानकारी नहीं है, कल ही दिखवाते हैं।*

***-आलोक जायसवाल, उपयंत्री***
***नगरपालिका परिषद, नौगांव***

कलेक्टर के निर्देशन में भरे गए फॉर्म 6, 7 एवं 8 की अधिकारियों ने की जांच

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सिर्फ 3 दिन शेष



**31 अगस्त तक जुड़वाएं मतदाता सूची में नाम**

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर जिले में फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अंतर्गत मतदाता सूची में बीएलओ के माध्यम से वोटर लिस्ट में नाम जोड़े जा रहे हैं। साथ ही वोटर कार्ड में सुधार करवाने एवं मृत मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 एवं 8 भरे जा रहे हैं।

कलेक्टर एवं जिल निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में सोमवार को जिले की विधानसभाओं में आरओ एवं एआरओ द्वारा मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए बीएलओ द्वारा भरे जा रहे फॉर्मों का परीक्षण किया गया। साथ ही मृत मतदाओं के नाम हटाने व निरर्सन की कार्यवाही करते समय विधिवत पंचनामा तुरंत संलग्न करने के निर्देश दिए गए और जहां कम जेंडर रेशियो पाया गया वहां शतप्रतिशत महिलाओं के वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के निर्देश दिए गए।

जिले की सभी विधानसभाओं के मतदान केन्द्र जिनमें गौरगांय, किशोरगंज, हमा, बनगांय, बरकोहन, लवकुशनगर, मझौटा, कसार, खौंप, बड़ामहलरा, बराजखेड़ा, राजनगर, टिकुरी, थरा, मवैया, कैथोकर, धमौरा, बूदौर, लखनवां, करहारी, लबराहा, परसेड़ी, पुर, चंदला, पांडे पुरवा, मुरहरा सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों का अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर भरे जा फॉर्मों की जांच की गई और सभी फॉर्म को ऑनलाइन अपडेट करने एवं जेंडर रेशियो बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

31 अगस्त तक मतदाता सूची में नाम जोड़े जाएंगे। अगर कोई युवा 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष का हो रहा है तो भी फॉर्म नम्बर 6 भरकर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकता है।

# नियमविरुद्ध रसोईया की भर्ती, अनुबंध समाप्त करने की मांग



**चंदला, देशबन्धु।** लवकुशनगर विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम कमलपुरवा की शासकीय प्राथमिक शाला में नियम विरुद्ध तरीके से पैसे लेकर रसोईया की भर्ती किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस आशय की शिकायत कलेक्टर से करते हुए शिकायतकर्ता ने मामले की जांच कराने और संबंधित स्व-सहायता समूह का अनुबंध निरस्त करने की मांग की है।

मामले की शिकायतकर्ता कमलपुरवा निवासी रामदेवी पत्नी आशादीन अनुरागी का कहना है कि गांव की प्राथमिक शाला में नियम विरुद्ध तरीके से ममता पत्नी नत्थू विश्वकर्मा की भर्ती की गई है। रामदेवी का आरोप है कि शारदा सहायता समूह के संचालक ने ममता विश्वकर्मा से 50 हजार रुपए लेकर एमडीएम प्रभारी लक्ष्मी अहिरवार की मिली भगत से शाला प्रबंधन समिति के प्रस्ताव के बिना बतौर रसोईया ममता विश्वकर्मा की नियुक्ति कर दी है। रामदेवी का यह भी आरोप है कि शारदा स्वास्थ्य सहायता समूह द्वारा कभी भी मीनू के अनुसार बच्चों को भोजन नहीं दिया जाता और बच्चों से ही बर्तन धुलवाए जाते हैं। रामदेवी ने कलेक्टर से मामले की शिकायत करते हुए शारदा स्व-सहायता समूह का अनुबंध समाप्त किए जाने और मामले की जांच कराने की मांग की है।

# सड़क पर उतरे सफाई कर्मचारी , ठेका प्रथा बंद करने की मांग



**छतरपुर, देशबन्धु।** सोमवार को नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों एवं अन्य कर्मचारियों ने अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन के बैनर तले आउटसोर्स (ठेका) प्रणाली के विरोध में नारेबाजी करते हुए रैली निकाली और कलेक्टर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञापन सौंपा। यूनियन के जिलाध्यक्ष आदित्य बाल्मीक ने बताया कि सीएमओ माधुरी शर्मा द्वारा सफाई शाखा एवं अन्य शाखा हेतु कुशल मैनपॉवर सेवाएं आउटसोर्स पर दी गई हैं, जिसके विरोध में यह प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी कर्मचारी अंबेडकर मंगल भवन किशोर सागर पर एकत्रित हुए और यहां से नारेबाजी के साथ रैली निकालकर खड़े हनुमानजी मंदिर, चौबे तिराहा होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने के बाद सीएमओ और निकाय अध्यक्ष को भी ज्ञापन की प्रति सौंपी गई।

ज्ञापन के माध्यम से छतरपुर नगर पालिका में आउटसोर्स (ठेका) प्रणाली को निरस्त किए जाने एवं भविष्य में आउटसोर्स पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में यह चेतावनी दी गई है कि यदि मांग का निराकरण नहीं हुआ तो सभी कर्मचारी कामबंद हड़ताल पर जाएंगे। इस मौके पर अजाक्स जिलाध्यक्ष लाल बहादुर अहिरवार, यूथ लीडर सैंडी सिंह, रवि बाल्मिक, नीरज बाल्मिक सहित बड़ी संख्या में नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

# अधिवक्ता सुशील शिवहरे बने अध्यक्ष, टैक्स बार एसोसिएशन का शपथ समारोह संपन्न



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के एक निजी होटल में टैक्स बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक आदरणीय आलोक चतुर्वेदी जी,राज्य कर उपायुक्त श्रीमती वंदना गौड़ जी, राज्य कर अधिकारी गोपीनाथ शर्मा जी, जिला बार संघ अध्यक्ष विनोद गुड्डू दीक्षित जी, सचिव आलोक द्विवेदी जी मंचासीन अतिथि गण रहे साथ ही कराधान सहायक निलेश यादव जी गुड्डू पटेल जी उपस्थित रहे मुख्य अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती वंदना करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया मुख्य अतिथियों का स्वागत फूलमाला एवं बुके से टैक्स बार एसोसिएशन के वरिष्ठ संरक्षक सदस्यों एवं कार्यकारिणी के सभी सदस्यों कार्यकारिणी के द्वारा अपने टैक्स बार एसोसिएशन के वरिष्ठ संरक्षक सदस्यों को फूल माला पहनकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत संरक्षक सदस्य ब्रजेन्द्र खरे जी द्वारा अतिथियों के स्वागत भाषण से की गई वरिष्ठ संरक्षक सदस्य राकेश शर्मा जी द्वारा टैक्स बार एसोसिएशन की स्थापना से लेकर अभी तक के कार्यों का विवरण दिया गया शपथ अधिकारी राकेश शर्मा जी के द्वारा नई कार्यकारिणी के नवनियुक्त अध्यक्ष अधिवक्ता सुशील शिवहरे,उपाध्यक्ष संजय जैन, मनीष अग्रवाल,सचिव रविंद्र खरे, कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, सहसचिव अमित खरे, क्क्ह मोहम्मद एहतेशाम, को टैक्स बार की गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे सचिन गुप्ता जी के द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष अधिवक्ता सुशील शिवहरे को फूल माला पहनकर स्वागत किया गया इसी प्रकार नव नियुक्त अध्यक्ष ने पूर्व अध्यक्ष सचिन गुप्ता को फूल माला पहनकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया छतरपुर सदर विधायक आलोक चतुर्वेदी जी द्वारा टैक्स बार एसोसिएशन को जमीन उपलब्ध कराने की घोषणा की साथी कहा गया कि जनता और आप सभी के सहयोग से वह दोबारा प्रतिनिधि चुनकर आते है तो टैक्स बार एसोसिएशन की बिल्डिंग बनवाने में भी सहयोग करेंगे श्रीमती वंदना गौड़ ने जीएसटी में आ रही परेशानियों के बारे में जानकारी साझा की नवनियुक्त अध्यक्ष अधिवक्ता सुशील शिवहरे ने बताया कि टैक्स बार एसोसिएशन की टीम और जीएसटी के अधिकारियों के बीच में कैसे तालमेल बनाकर कार्य करेंगे जिससे भविष्य में व्यापारियों को परेशानी ना हो और व्यापारियों और अधिकारियों को हर संभव सहयोग करने के लिए तत्पर रहेंगे शपथ संपन्न होने के बाद टैक्स बार एसोसिएशन की पुरी टीम द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया वरिष्ठ संरक्षक सदस्य चक्रेश मोदी जी द्वारा आभार व्यक्त किया गया मंच का संचालन अमित खरे एवं रविंद्र खरे जी द्वारा किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से टैक्स बार एसोसिएशन के समस्त सदस्य गण शैलेश विश्वकर्मा,कृष्ण कुमार गुप्ता, देवेंद्र चौरसिया, संदीप गुप्ता ष्ट उमेश गुप्ता, ष्ट मनीष अग्रवाल,योगेश अग्रवाल,सुशील चौरसिया गगन बिलैया, मोहम्मद इमरान उपस्थित रहे

# कलेक्टर के निर्देशन में महिलाओं को मिलेगा सिलाई प्रशिक्षण

**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए नि:शुल्क सिलाई (टेलर) का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके लिए महिलाएं नि:शुल्क आवेदन कर सकतीं है।

आरसेटी छतरपुर ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पता नवोदय विद्यालय के पास नौगांव में 30 दिवसीय 1 से 30 सितंबर 2023 तक ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार महिलाओं के लिए नि:शुल्क महिला टेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें छतरपुर जिले के बेरोजगार महिलाएं जिनकी उम्र 18 से 45 वर्ष है वह इस नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपना पंजीयन कर सकती हैं।

**प्रशिक्षण के लिए योग्यता-** प्रशिक्षण के दौरान नि:शुल्क भोजन व्यवस्था, आवास (रहने की) व्यवस्था, प्रशिक्षण के बाद बैंक लिंकेज कराया जाएगा। प्रशिक्षण हेतु 18 से 45 वर्ष, शिक्षा कम से कम 8वीं, प्रशिक्षण हेतु दस्तावेज आधार कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड या श्रमिक कार्ड या खाद्यान्न पात्रता पर्ची, अंक सूची (कम से कम 8वीं), फोटो-4, बैंक खाता की फोटो कापी, निवास, आय, जाति प्रमाण पत्र (यदि हो तो) संस्थान के पते एसबीआई आरसेटी, नवोदय विद्यालय के पास नौगांव में जमा करें। अधिक जानकरी के लिए फैकल्टी 9926201837, कार्यालय सहायक 7692090407 एवं अटेंडर के मो.नं 8962337729 पर संपर्क कर सकते हैं।

# ढोलक की थाप पर गूंजे सावन गीत



**खजुराहो, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा स्थापित आदिवर्त जनजातीय लोककला राज्य संग्रहालय- खजुराहो में प्रत्येक रविवार को नृत्य, नाट्य, गायन एवं वादन पर केन्द्रित समारोह देशज% का आयोजन किया गया है। इसी श्रंखला मे रविवार सुश्री अर्चना कोटार्य एवं साथी झांसी द्वारा बुन्देली लोकगीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन एवं कलाकारों के स्वागत से की गई।

दीप प्रज्वलन एवं कलाकारों का स्वागत नायब तहसीलदार प्रतीक कुमार रजक द्वारा किया गया। गतिविधि का संचालन श्याम बाबू त्रिवेदी ने किया । गतिविधि की शुरुआत सुश्री अर्चना कोटार्य एवं साथियों द्वारा देवी अराधना गीत से की गई। प्रस्तुति के दौरान कलाकारों में सौहर जन्मोत्सव का गीत, सावन गीत, दादरा विधा, कजरी विधा लोकयवन मतदान गीत खरी की चौकडिया की प्रस्तुती दी। मंच पर प्रस्तुति के दौरान अर्चना कोटार्य, गोपाली सिंह, जोगेन्द्र सिंह, कृष्ण अग्निहोत्री, जग प्रसाद तिवारी कलाकारों ने संगत की। गतिविधि अन्तर्गत दिनांक 03 सितम्बर 2023 को सुत्री रजनी जाटव एवं साथी छतरपुर द्वारा बुन्देली संस्कार गीत एवं श्री राजेश लटौरिया एवं साथी दतिया द्वारा हरदौल गायन की प्रस्तुती दी जायेगी।

कुम्हेड़ नदी के जल से विधायक ने किया मतंगेश्वर महादेव का जलाभिषेक

# खजुराहो के मतंगेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



**महाराजपुर, देशबन्धु।** मन में आस्था का संकल्प और भोले की भक्ति में लीन विधायक नीरज विनोद दीक्षित की पदयात्रा बम भोले के जयकारों के साथ खजुराहो के मतंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंची।

पदयात्रा के समापन पर महाराजपुर क्षेत्र से श्रद्धा और आस्था का सैलाब ग्रामीणों के रूप में उमड़ पड़ा।

महाराजपुर विधायक नीरज विनोद दीक्षित बिना रूके, बिना थके तकरीबन 55 किलोमीटर का सफर पैदल तय करने के बाद खजुराहो पहुंचे। लगभग तीन पड़ाव के बाद उनकी पदयात्रा जब खजुराहो पहुंची तो महाराजपुर अंचल से उनके समर्थकों का सैलाब उमड़ पड़ा।

भगवां ध्वज पताकाओं और बम भोले के जयकारों के बीच सोमवार को राजनगर में यात्रा का जोरदार स्वागत हुआ। नगर में शिवभक्तों सहित विधायक नीरज विनोद दीक्षित का आत्मीय स्वागत किया गया। तत्पश्चात खजुराहो पहुँचकर भगवान भोलेनाथ को कुम्हेड़ नदी के जल से विधायक ने अभिषेक किया। बाद में खजुराहो के एक मैरिज गार्डन में विधायक के साथ सभी शिवभक्तों ने सहभोज का आनंद लिया। इस मौके पर विधायक नीरज दीक्षित ने कहा कि क्षेत्र की सुख, शांति एवं अच्छी वर्षा के लिए हर वर्ष की भाँति यह पांचवीं मतंगेश्वर धाम पदयात्रा निकाली गई है।

सागर, मंगलवार 29 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## बोतल में लौटता नहीं यह जिन्न...

हरियाणा के नूंह (मेवात) में सोमवार को जिस तरह से शोभायात्रा निकालने के मामले में हिन्दू संगठन और प्रशासन आमने-सामने हैं, उससे साबित हो गया है कि कट्टरता का जिन्न एक बार बाहर निकले तो उसे वापस बोतल में डालना बहुत मुश्किल होता है। हर साल यहां श्रावण मास के अंतिम सोमवार को होने वाली ब्रजमंडल यात्रा बहुत प्रसिद्ध है जिसमें देश भर से बड़ी तादाद में श्रद्धालु आते हैं। 31 जुलाई को यहां के नलहड़ मंदिर के पास निकली यात्रा के दौरान हुए पथराव व तत्पश्चात हुए साम्प्रदायिक दंगों के चलते इस बार प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी थी लेकिन हिन्दू संगठन इसे निकालने के लिए आमादा हैं जिन्होंने पहले ही चेता दिया था कि उन्हें किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। नूंह के साथ ही पूरे हरियाणा में इसे लेकर तनाव है। जुलाई की आग अभी पूरी तरह से शांत नहीं हुई है और यह नये तनाव का सबब बन गया है। सोमवार को यहां धारा 144 लगा दी गई है। मंगलवार तक इंटरनेट सेवाएं बन्द रखने का ऐलान कर दिया गया है ताकि अफवाहें न फैले।

प्रशासन की इस बात से नाराज़ हिन्दू संगठनों का न सिर्फ नूंह में बड़ा जमावड़ा है वरन सटे हुए गुरुग्राम जिले के उस हिस्से में भी दहशत फैल गई है जहां झुग्गी बस्तियां हैं और जिनमें ज्यादातर अल्पसंख्यक बसते हैं। यह वही इलाका है जहां पिछले वक्त आगजनी हुई थी और कुछ लोग मारे गये थे। सोमवार की सुबह यहां हिन्दू संगठनों द्वारा दीवारों पर लिखा पाया गया कि वे (अल्पसंख्यक) इस इलाके को खाली कर दें क्योंकि यहां से शोभा यात्रा निकलेगी। वैसे यहां के अनेक लोग पिछले दंगों के समय से ही बस्तियां छोड़कर अन्यत्र जा चुके हैं। पुलिस के आला अफसरों ने आश्वस्त तो किया है कि वे (झुग्गीवासी) न घबरायें परन्तु पिछली वारदात का खौफ़ इतना है कि लोगों का पुलिस व स्थानीय प्रशासन ही नहीं सरकार पर से भी भरोसा उठ चुका है। इन इलाकों में पिछले कुछ समय से तनाव और डर का माहौल है।

राज्य सरकार हिन्दू संगठनों के आगे बेबस दिख रही है। प्रशासन ने शोभा यात्रा न निकलने देने के लिये पूरे इलाके में पुलिस की तैनाती की है, तो वहीं हिन्दू संगठन इस आदेश को न मानने पर आमादा हैं। वैसे नलहड़ मंदिर में पूजा के लिये प्रतीकात्मक रूप से 11 लोगों को अनुमति तो दी गई है पर इसे हिन्दू संगठन नहीं मान रहे हैं। उधर इस पूरे परिदृश्य में किसान नेता राकेश टिकैत की भी एंट्री हो गई है जिन्होंने कहा है कि अगर शोभा यात्रा निकाली गई या प्रशासन ने उन्हें अनुमति दी तो जवाब में किसान लाखों ट्रैक्टरों के साथ विशाल रैली निकालेंगे और महापंचायत भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि जुलाई के अंत में हुए दंगों में किसान अल्पसंख्यकों के साथ थे। जाटों व मुस्लिमों की एकता से भारतीय जनता पार्टी के लोग और कट्टरवादी संगठन कमजोर पड़ गये थे।

पिछले कुछ समय से इस यात्रा के कारण मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर पसोपेश में हैं क्योंकि शोभा यात्रा को अनुमति न देने से हिन्दुओं की उन्हें चुनावों में नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। सरकार की पहले ही काफी भद्द भी पिट चुकी है। अगर शोभा यात्रा निकली और फिर से हिंसा हुई तो उसे सम्भाल पाना सरकार के लिये खासा मुश्किल होगा। नूंह जिला गुरुग्राम से लगा हुआ है जो देश का प्रमुख औद्योगिक केन्द्र है। यहां दुनिया के कई महत्वपूर्ण उद्योग-धंधों के मुख्यालय व कारखाने हैं। देश के जिन तीन शहरों की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है उनमें एक गुरुग्राम भी है जहां होने वाली हिंसा का असर कारोबार जगत और भारत की छवि पर पड़ेगा।

उम्मीद तो है कि हिन्दू संगठन देश के अमन-चैन को ध्यान में रखकर इस शोभा यात्रा को सीमित व प्रतीकात्मक रूप से निकालेंगे और इसे प्रतिष्ठा का मुद्दा नहीं बनायेंगे। प्रशासन को भी चाहिये कि वह अपने निर्देशों का पालन कड़ाई से करे। साथ ही यह भी आवश्यक है कि संविधान को लागू करने की जिम्मेदारी जिन पर है, वे अपने दायित्वों का पालन कर कानून व व्यवस्था का राज बनाए रखें। वैसे यह मामला इस बात का सटीक उदाहरण है कि कट्टरता को जब एक बार राज्य की ओर से बढ़ावा मिलता है तो उसे नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। अनेक संगठन या व्यक्ति संविधान से ऊपर हो जाते हैं। धार्मिक संगठनों के हौसले पिछले कुछ समय से जिस बुलन्दी पर हैं, वह संविधान के लिये चुनौती बन गया है। ऐसे संगठन व लोग यह मानते हैं कि कानून का पालन करना उनके लिये आवश्यक नहीं है। पिछले कुछ समय से ऐसे अनेक दृष्टांत सामने आये हैं जब सत्ता व समाज के शीर्ष पर बैठे लोगों की अपीलें भी काम नहीं आ रही हैं। एक बार तो स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दलितों के उत्पीड़न से व्यथित होकर कह चुके हैं- 'दलितों को मारने से अच्छा है कि उन्हें (पीएम को) मार दें।' ऐसे ही, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी अपने लोगों को समझा चुके हैं कि 'मुस्लिम भी भाई ही हैं और इन्हें मारने वाले हिन्दू नहीं हो सकते।' जिस विचारधारा के लोग हिन्दू संगठनों को चला रहे हैं या उनके सदस्य हैं, उनमें से ज्यादातर भाजपा एवं संघ से जुड़े हैं। अपील करने वाले अपने-अपने संगठनों के शीर्ष पर हैं। जब उनका कहा बेअसर हो रहा है, तो हरियाणा के सीएम या प्रशासन की बिसात ही क्या है! नफरत और हिंसा का जिन्न वापस जाने के लिए बोतल से नहीं निकलता।

# कोटा के कोचिंग छात्रों की आत्महत्याएं: ये युवा खून किस के हाथों पर है!

कोटा में कोचिंग कर रहे दो छात्रों ने इसी रविवार को आत्महत्या कर ली। एलन कोचिंग के छात्र, महाराष्ट्र के आविष्कार संभागी ने एक टैस्ट के बाद, अपने कोचिंग इंस्टीट्यूट की ही छत से जाकर छलांग लगा दी और अपनी जान दे दी। वह कोटा में अपने नाना-नानी के साथ रहकर, कोचिंग कर रहा था। उसी रोज, बिहार के आदर्श ने होस्टल के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इन दो युवाओं की आत्महत्या के साथ, इसी साल देश में कोचिंग उद्योग के सबसे बड़े केंद्र कोटा में, छात्रों की आत्महत्याओं का आंकड़ा 23 पर पहुंच गया है। और यह समस्या किस तरह विकराल से विकराल होती जा रही है, इसका अंदाजा एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि पिछले साल कोटा में ही ऐसी आत्महत्याओं का आंकड़ा कुल 15 था। इस बार यह संख्या अब तक ही 23 तक पहुंच चुकी है, जबकि अभी अगस्त का महीना भी पूरा नहीं हुआ है और पूरा एक तिहाई साल आगे पड़ा हुआ है।

बेशक, इस विकराल रूप लेती समस्या के सामने अधिकारीगण जो भी हैं जो उन्हें सूझ रहा है, अपनी ओर से करने की कोशिश कर रहे हैं। एक ही दिन में दो छात्रों की आत्महत्या की खबर आने के बाद, कोटा के जिलाधिकारी ने एक एडवाइजरी जारी कर, कोटा के सभी कोचिंग इंस्टीट्यूटों से दो महीने तक नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी टैस्ट—एनईईटी) तथा आईआईटी-जी (जनरल एंट्रेंस टैस्ट) की कोचिंग कर रहे छात्रों के टैस्ट रोकने का आदेश दिया है। इससे पहले, 14 अगस्त को सामने आई एक और छात्र की आत्महत्या की घटना के बाद, जो कि अगस्त के महीने में ही ऐसी चौथी घटना थी, कोटा में कोचिंग छात्रों के होस्टलों के कमरों में छत से लटकने वाले पंखों में स्प्रिंग लगाने जैसे कदमों की शुरूआत की गई थी, जिससे छात्रों को आत्महत्या के इस अपेक्षाकृत आसानी से उपलब्ध साधन का सहारा लेने से रोका जा सके। इससे पहले से, ऐसी घटनाओं के बाद, हर बार इन छात्रों की काउंसिलिंग और यहां तक कि बच्चों के अभिभावकों की काउंसिलिंग के भी सुझाव दिए जाते रहे हैं, जिससे बच्चों पर किसी भी कीमत पर सफलता के दबाव और विफलता के डर को घटाया जा सके। बहरहाल, साफ है कि ये सभी उपाय/ सुझाव न सिर्फ बुरी तरह से विफल साबित हुए हैं बल्कि समस्या से दो-चार होने की किसी गंभीर कोशिश के बजाय, अगंभीर से लेकर हास्यास्पद ही साबित हुए हैं।

जाहिर है कि कोटा के कोचिंग छात्रों की या नीट, जी जैसी डाक्टरी, इंजीनियरिंग आदि की प्रतिष्ठित संस्थाओं में दाखिले की परीक्षाओं में सफलता के लिए अन्यत्र कोचिंग का सहारा लेने वाले किशोरों व युवाओं की, बढ़ती संख्या को आत्महत्या के अंधेरे रास्ते पर धकेलने वाले कारकों की, अपनी भी कुछ विशिष्टताएं हैं, जो इन कोचिंग संस्थाओं के छात्रों की स्थिति को और भी खतरनाक बना देती हैं। फिर भी एक बात जिसकी चर्चा बहुत कम ही होती है, यह है कि इसका सीधा संबंध डाक्टरी, इंजीनियरिंग आदि की प्रतिष्ठित संस्थाओं में प्रवेश की परीक्षाओं को, सबके लिए समान स्तर सुनिश्चित करने के नाम पर, ज्यादा से ज्यादा एकीकृत किंतु वास्तव में केंद्रीयकृत किए जाने की राजकीय नीति से भी है। यह ऐसी राजकीय नीति है जिसे आमतौर पर उदारीकरण की नीतियों तथा खासतौर पर प्रोफेशनल शिक्षा के अंधाधुंध निजीकरण की नीतियों के जरूरी हिस्से के तौर पर, पिछले दो-तीन दशकों में तेजी से आगे बढ़ाया गया है। यह प्रवृत्ति न सिर्फ इस कोचिंग उद्योग के तेजी से फलने-फूलने के लिए रास्ता बना रही है, युवा आत्महत्याओं की बढ़ती महामारी को भी तेजी से देश भर में फैला रही है।

प्रतिष्ठित संस्थाओं में प्रवेश की परीक्षाओं के बढ़ते केंद्रीयकरण और युवाओं की बढ़ती आत्महत्याओं के इस सीधे रिश्ते का सबसे प्रत्यक्ष सबूत, मेडिकल शिक्षा में दाखिले की नीट नामक परीक्षा है। नीट परीक्षा की शुरूआत से देश के कई हिस्सों में और खासतौर पर तमिलनाडु में इस परीक्षा को थोपे जाने के खिलाफ शीर्ष राजनीतिक स्तर तक से आवाजें उठती रही हैं।



राजेन्द्र शर्मा

> ये आत्महत्याएं नहीं हत्याएं हैं, जिनके लिए हमारी वर्तमान व्यवस्था जिम्मेदार है, जिसने युवाओं के लिए अवसरों को इस कदर सीमित कर दिया है, इस कदर मुश्किल तथा संयोगाश्रित बना दिया है कि एक-एक विफलता की आशंका, संवेदनशील किशोरों-युवाओं के लिए, जिंदगी और मौत का सवाल बन जाती है। याद रहे कि बढ़ते चौतरफा आर्थिक संकट के बीच, अवसरों का लगातार सिकुड़ना, पूरे समाज में ही इस रुग्णता को फैला रहा है और बढ़ा रहा है।

और इसकी एक वजह यह भी है कि तमिलनाडु पर इस परीक्षा के थोपे जाने की शुरूआत ही, मेडिकल की पढ़ाई के लिए दाखिले के लिए उत्सुक, प्रतिभाशाली बच्चों-बच्चियों की आत्महत्याओं से हुई थी और हर साल यह परीक्षा तमिलनाडु में कुछ न कुछ जानें निगल ही लेती है। इसी साल, 15 अगस्त से ठीक पहले इस परीक्षा के नतीजों के साथ आई बहुत ही हृदयविदारक घटना में, दो बार की विफलता के बाद, जगदीश्वरन नामक किशोर ने ही अपनी जान नहीं दे दी, उसकी आत्महत्या से विचलित उसके पिता ने भी, उसकी आत्महत्या के चंद घंटों में ही अपनी जान दे दी। इस तरह, इस परीक्षा ने क्रूर काल बनकर पूरे के पूरे परिवार को ही खत्म कर दिया। इस घटना से विचलित, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने न सिर्फ जल्द ही नीट का ही अंत हो जाने की भविष्यवाणी की है बल्कि यह भी याद दिलाया है कि तमिलनाडु ने अब तक इस परीक्षा के ही हाथों, अपने 16 प्रतिभाशाली बच्चों को हमेशा के लिए खोया है।

बेशक, यह कहा जा सकता है कि इतने बड़े देश में, इतने सारे बच्चे प्रतिष्ठित शिक्षा धाराओं में प्रवेश चाहने वाले होंगे। लेकिन, सब को तो प्रवेश नहीं दिया जा सकता है। जिन्हें प्रवेश नहीं मिलता है, वे अगर आत्महत्या करने पर उतर आएं, तो इसमें प्रवेश परीक्षा की व्यवस्था क्या कर सकती है? सीमित मौकों के हिसाब से छंटनी जरूरी है। और पूरे देश के लिए समान प्रवेश परीक्षा ही न्यायपूर्ण तथा तार्किक तरीके से यानी कम प्रतिभावानों को अलग करने के जरिए, छंटाई का यह काम कर सकती है। बहरहाल, तमिलनाडु का उदाहरण बताता है कि प्रतिभावानों को छांटने की यह पूरी दलील ही कागजी और झूठी है।

यह एक जानी-मानी शिक्षाशास्त्रीय सच्चाई है कि कोई भी परीक्षा, सीमित हद तक ही प्रतिभा की जांच कर पाती है। और हमारे जैसे बहुत भारी विविधताओं वाले देश में तो ऐसी परीक्षाओं की उपयोगिता और भी सीमित है। यहां परीक्षा का दायरा जितना ज्यादा फैलता जाएगा, प्रतिभा या उपयुक्तता की जांच की उसकी क्षमता उतनी ही घटती जाएगी। अलग-अलग भाषाओं में पढ़ाई कराने वाले, एक हद तक अलग-अलग पाठ्यक्रम पढ़ाने वाले राज्यों के लिए, एक अखिल भारतीय परीक्षा का विचार ही बहुत खोखला और वास्तव में नुकसानदेह है। याद रहे कि तमिलनाडु में नीट-विरोधी आंदोलन की शुरूआत, जिस छात्रा की आत्महत्या से हुई थी, वह राज्य में उस वर्ष से पहले तक चालू पात्रता चयन व्यवस्था के हिसाब से, मेडिकल कालेज में दाखिले की अपनी पात्रता पहले ही साबित कर चुकी थी। इसके बाद भी, जब नीट के आधार पर उसे अपात्र बना दिया गया, उसका दिल टूट गया और उसने अपनी जान दे दी। इसीलिए, जनतांत्रिक छात्र आंदोलन समेत, वास्तव में जनतंत्र की कद्र करने वाली तमाम ताकतें, नीट जैसी केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षाओं का विरोध करती आई हैं। लेकिन, दुर्भाग्य से एकरूपता को एकता का पर्याय मानने वाली देश की मौजूदा सरकार, ऐसी परीक्षाओं की सीमाओं को लेकर बार-बार चेताए जाने के बावजूद, ऐसी परीक्षाओं का दायरा बढ़ाती ही जा रही है। देश भर के लिए केंद्रीयकृत विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा, इसी युवाघाती अभियान का एक और उदाहरण है। हां! केंद्रीयकृत विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा, नीट की जितनी जानलेवा शायद न साबित हो क्योंकि विश्वविद्यालय की शिक्षा में प्रवेश मिलने न मिलने से, नीट जैसी जानलेवा अपेक्षाएं नहीं लगी हुई हैं। लेकिन, इसीलिए इस परीक्षा ने अपने शुरूआती वर्षों में ही लाखों की संख्या में छात्रों को विश्वविद्यालयी पढ़ाई से दूर खदेड़ दिया है और यह पढ़ाई करने वालों के दायरे को, जो इस देश में पहले ही बहुत सीमित था, और भी सीमित करना शुरू कर दिया है।

बहरहाल, कोटा कोचिंग छात्रों और आम तौर पर कोचिंग छात्रों की आत्महत्याओं पर लौटें। ये छात्र कौन हैं? बेशक, कोचिंग की पढ़ाई और खासतौर पर कोटा जैसे केंद्रों में कोचिंग की पढ़ाई, काफी महंगी है। यह दूसरी बात है कि यह कोचिंग जिस डाक्टरी, इंजीनियरी आदि की पढ़ाई के लिए दाखिले की है, वह पढ़ाई भी अब देश में आय के अनुपात में काफी महंगी हो चुकी है। निजीकरण ने इन प्रोफेशनल कोर्सों की पढ़ाई को इतना महंगा बना दिया है कि साधारण मध्यवर्गीय परिवार तक, इस पढ़ाई का बोझ आसानी से नहीं उठा सकता है, फिर साधारण मेहनतकश परिवारों की तो बात ही क्या करना। पहले कोचिंग का खर्च और फिर दाखिला मिल जाए तो पढ़ाई का खर्च, दोनों को उठाना संपन्नतर परिवारों के लिए ही संभव है। हां! इस संबंध में दो अलग-अलग या दोनों एक साथ चलने वाले विकल्प भी देखने को मिलते हैं। पहला, दाखिले की सूरत में पढ़ाई के लिए कर्ज का बोझ बच्चे के ऊपर डाला जा सकता है, जो नाकामयाबी के डर को जानलेवा बना सकता है। दूसरे, साधारण परिवार, बच्चा अगर पढ़ाई में अच्छा नजर आता हो तो, उसके दाखिले को ही अपनी आर्थिक मुक्ति का इकलौता रास्ता मानकर, घर-जमीन या दूसरे सभी साधन बेचकर, बच्चे की महंगी पढ़ाई का बंदोबस्त कर सकता है। कोचिंग के मामले में तो खासतौर दूसरा ही विकल्प संभव है क्योंकि कोचिंग के लिए बैंक से शिक्षा ऋण नहीं मिल सकता है। दोनों ही सूरतों में परिवार की अपेक्षाओं का असह्य बोझ, किशोरों-युवाओं को विफलता की जरा सी फिसलन या आशंका भर से, आत्मघात की अंधेरी खाई में धकेल सकता है। हैरानी की बात नहीं है कि अपेक्षाकृत साधारण परिवारों से आने वाले बच्चे ही, कोई और रास्ता ही नहीं दिखाई देने के चलते, हताशा में आत्मघात की खाई में ज्यादा छलांग लगाते हैं।

ये आत्महत्याएं नहीं हत्याएं हैं, जिनके लिए हमारी वर्तमान व्यवस्था जिम्मेदार है, जिसने युवाओं के लिए अवसरों को इस कदर सीमित कर दिया है, इस कदर मुश्किल तथा संयोगाश्रित बना दिया है कि एक-एक विफलता की आशंका, संवेदनशील किशोरों-युवाओं के लिए, जिंदगी और मौत का सवाल बन जाती है। याद रहे कि बढ़ते चौतरफा आर्थिक संकट के बीच, अवसरों का लगातार सिकुड़ना, पूरे समाज में ही इस रुग्णता को फैला रहा है और बढ़ा रहा है। यह संयोग ही नहीं है कि एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार 2019 में देश भर में आत्महत्याओं की संख्या 1.3 लाख थी, जो 2020 में बढ़कर 1.5 लाख हो गई और 2021 में और बढ़कर 1.64 लाख हो गई यानी 2020-2021 के बीच ही, पूरे 7.1 फीसद बढ़ गई। फिर भी प्रतिभाशाली किशोरों-युवाओं की जान लेने वाला चेहरा, मौजूदा व्यवस्था का सबसे हिंसत, सबसे क्रूर चेहरा है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# नवीनतम चीन-भूटान सीमा वार्ता के नतीजे से भारत के लिए चिंता का विषय

■ गिरीश लिंगन्ना

हिमालय में, दो एशियाई महाशक्तियों, भारत और चीन के बीच रणनीतिक रूप से संवेदनशील भौगोलिक स्थिति में बसा है। वर्षों से दिल्ली अपनी भू-राजनीतिक मजबूरियों के कारण थिम्पू को सैन्य और आर्थिक सहायता के रूप में करोड़ों डॉलर की पेशकश करती रही है। भारत और भूटान दोनों को अभी भी चीन के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे भूमि सीमा विवाद को सुलझाना बाकी है, जो भूटान के उत्तर और पश्चिम में हिमालय के क्षेत्र पर सीमा समझौते पर पहुंचने के लिए दबाव डाल रहा है। संभावित समाधान के लिए भूटान के दीर्घकालिक सहयोगी, भारत की अंतर्निहित मंजूरी की भी आवश्यकता होगी।

21-24 अगस्त तक बीजिंग में भूटान और चीन के बीच आयोजित 13वीं विशेषज्ञ समूह बैठक (ईजीएम) के अंत में, जो सीमा वार्ता की प्रगति की निगरानी करती है, दोनों देशों ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में घोषणा की कि वे वार्ता की गति बढ़ाने पर सहमत हुए हैं, अपने लंबे समय से लंबित सीमा विवाद के समाधान के लिए 'तीन-चरणीय रोडमैप' बनाने के लिए एक साथ कदम उठायेंगे। चालू वर्ष में आयोजित यह तीसरी विशेषज्ञ समूह (ईजीएम) की बैठक थी।

> दोनों देशों के बीच दशकों से चले आ रहे इस सीमा गतिरोध में विवाद की जड़ डोकलाम का रणनीतिक पठार है, जो तीन देशों-भारत, भूटान और चीन के ट्राइ-जंक्शन के करीब स्थित है। यदि बीजिंग इस विवादित पठार पर नियंत्रण हासिल करने में कामयाब हो जाता है, तो यह चीन को निर्बाध बल जुटाने की अनुमति देगा क्योंकि इससे भारत के साथ सशस्त्र संघर्ष छिड़ने की स्थिति में उसे भूमि मार्गों तक अधिक पहुंच मिल जायेगी।

संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने पिछली ईजीएम में हुए समझौते के आधार पर रोडमैप को लागू करने पर 'स्पष्ट, मैत्रीपूर्ण और रचनात्मक चर्चा' की थी। बयान में कहा गया, '13वीं ईजीएम के महत्वपूर्ण परिणामों में से एक चीन-भूटान सीमा के परिसीमन पर संयुक्त तकनीकी टीम की स्थापना है, जिसने ईजीएम के मौके पर अपनी पहली बैठक की।'

चीन और भूटान के बीच सीमा वार्ता 1984 से एक सतत प्रक्रिया रही है क्योंकि दोनों देश डोकलाम क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं। भारत ने हमेशा से ही उसके रुख का समर्थन किया है। चीनी अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर नजर रखने वालों का कहना है कि चीन और भूटान 1996 के आसपास एक अंतिम समझौते पर पहुंचने के बहुत करीब आ गये थे, लेकिन भारत की रणनीतिक दखल के कारण वार्ता विफल हो गयी। 1984 के बाद से चीन और भूटान के बीच 24 दौर से अधिक सीमा वार्ता के अलावा 12 दौर की विशेषज्ञ स्तर की बैठकें हो चुकी हैं। मई 2023 में, 12वीं विशेषज्ञ समूह बैठक (ईजीएम) भूटान की राजधानी थिम्पू में आयोजित की गई थी, 11वीं ईजीएम वार्ता चीन की राजधानी और युनान प्रांत के सबसे बड़े शहर कुनमिंग में आयोजित होने के ठीक चार महीने बाद हुई थी।

जैसे ही थिम्पू दौर की चर्चा समाप्त हुई, भूटान और चीन दोनों ने कहा कि 'तीन-चरणीय रोडमैप' को लागू करने की दिशा में प्रगति हुई है जो उनके सीमा विवाद को सुलझाने में मदद करेगा। दो साल के लंबे अंतराल के बाद जनवरी 2023 में 11वीं ईजीएम के बाद अप्रैल 2021 में 10वीं ईजीएम हुई। इसे देखते हुए, यह महत्वपूर्ण लगता है कि मई 2023 में 12वें दौर के बाद, 13वां दौर केवल तीन महीनों के भीतर- और चीनी राजधानी में- वार्ता में और अधिक तेजी से विकास का संकेत दे रहा है।

इस विवाद की जड़ें भारत और चीन के बीच तीखी सीमा वार्ता में हैं। दोनों देशों के बीच दशकों से चले आ रहे इस सीमा गतिरोध में विवाद की जड़ डोकलाम का रणनीतिक पठार है, जो तीन देशों-भारत, भूटान और चीन के ट्राइ-जंक्शन के करीब स्थित है। यदि बीजिंग इस विवादित पठार पर नियंत्रण हासिल करने में कामयाब हो जाता है, तो यह चीन को निर्बाध बल जुटाने की अनुमति देगा क्योंकि इससे भारत के साथ सशस्त्र संघर्ष छिड़ने की स्थिति में उसे भूमि मार्गों तक अधिक पहुंच मिल जायेगी।

भारत की हिमालयी सीमाओं पर निर्भीक और बेधड़क चीनी घुसपैठ के कारण क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी सैन्य जमावड़े हुए और कभी-कभी झड़पें भी हुईं। 2017 में चीन-भारत सीमा पर झड़प, जिसे 'डोकलाम गतिरोध' कहा गया, भारत और चीन के बीच एक सैन्य झड़प थी। डोकलाम में सड़क बनाने की चीनी कोशिशों ने विवाद को भड़का दिया। 16 जून, 2017 को, चीनी सैनिकों ने बुलडोजर, क्रेन, उत्खननकर्ता, फोर्कलिफ्ट और डंप ट्रकों के साथ डोकलाम में पहले से मौजूद सड़क को दक्षिण तक विस्तारित करने का काम शुरू किया। 18 जून, 2017 को, भारत ने 'ऑपरेशनजुनिपर' के रूप में अपनी प्रतिक्रिया शुरू की, जब लगभग 270 सशस्त्र भारतीय सैनिकों ने अनुचित चीनी गतिविधि को रोकने के लिए केवल दो बुलडोजरों के साथ सिक्किम सीमा पार डोकलाम में हमला किया। हालांकि, 28 अगस्त को दोनों देशों ने सेना वापसी की घोषणा की।

भारत-चीन सीमा संकट सीमांकित त्रिकोणीय जंक्शन के पश्चिम में भारत के सिक्किम राज्य, उत्तर में चीन के कब्जे वाले तिब्बत की चुम्बी घाटी और पूर्व में भूटान की हा घाटी पर पहुंच गया है। इस त्रि-जंक्शन के सटीक स्थान को लेकर भारत और चीन के बीच लंबे समय से टकराव चल रहा है। भूटान-चीन सीमा प्रश्न का दशकों पुराने भारत-चीन सीमा संकट से सीधा संबंध है। दोनों देश एक सीमा साझा करते हैं जिसका पर्याप्त रूप से सीमांकन नहीं किया गया है, इसलिए इस क्षेत्र पर दोनों देशों के दावे एक-दूसरे के क्षेत्र तक होते हैं। भारत का अनुमान है कि यह 3,488 किलोमीटर लंबा होगा, जबकि चीन का कहना है कि यह 2,000 किलोमीटर है। वर्तमान यथास्थिति सीमा भारत के उत्तर में लद्दाख क्षेत्र में स्थित है और पूर्व में अरुणाचल प्रदेश तक जाती है - जो कि विवादित भी है क्योंकि चीनी इसे 'दक्षिणी तिब्बत' कहते हैं।

बीबीसी के अनुसार, चीन पश्चिमी भूटान में लगभग 269 वर्ग किमी और उत्तर-मध्य भूटान में 495 वर्ग किमी पर अपना दावा करता है। 2020 में, चीन का दुस्साहस पूर्वी भूटान में सकतेंग वन्यजीव अभयारण्य में 739 वर्ग किमी क्षेत्र तक फैल गया, और दावा किया कि यह मुख्यभूमि चीन का हिस्सा है, हालांकि अधिकांश आधिकारिक चीनी मानचित्रों में सकतेंग को भूटान का हिस्सा दिखाया गया है। यहां तक कि अरुणाचल प्रदेश सहित विशाल क्षेत्रों का दावा करने वाले चीन के सबसे महत्वाकांक्षी और विवादास्पद 2014 के नक्शे में, साकतेंग पार्क को भूटान का हिस्सा दर्शाया गया था।

डोकलाम पर थिम्पू के रुख का समर्थन करने के लिए दिल्ली के पास ठोस कारण हैं। यदि चीन के मंसूबे सफल होते हैं, तो भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण यह पठार बीजिंग को भारत के लिए सबसे संवेदनशील भौगोलिक बिंदुओं में से एक - सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे 'चिकन नेक' भी कहा जाता है - 22 किलोमीटर की संकीर्ण भूमि पर दिल्ली के मुकाबले फायदेमंद रहेगा। यह भूमि पुल मुख्य भूमि भारत को उत्तर-पूर्व में उसके 'सतबहनी' राज्यों से जोड़ता है।

उपग्रह चित्रों सहित महत्वपूर्ण डेटा से संकेत मिलता है कि चीन संप्रभु भूटानी क्षेत्र के अंदर बुनियादी ढांचे-यहां तक कि छोटे गांवों- के निर्माण में लगा हुआ है। बताया जाता है कि भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने मार्च 2023 में एक साक्षात्कार में बेल्जियम के दैनिक ला लिब्रे को बताया था, 'जैसा कि मीडिया में बताया गया है, भूटानी क्षेत्र में कोई घुसपैठ नहीं हुई है'। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि भूटान और चीन कुछ बैठकों में कुछ सीमाओं के सीमांकन में साझा आधार ढूंढ लेंगे।

इससे संकेत मिलता है कि शेरिंग संभवत: चीन के दबाव के आगे झुक रहे थे और सीमा मुद्दे को 'हल' करने के लिए क्षेत्र छोड़ने की तैयारी कर रहे थे, एक ऐसा कदम जिसने भारत के सुरक्षा प्रतिष्ठान में खतरे की घंटी बजा दी। 2012 के भारत-चीन समझौते में कहा गया है कि, भारत-चीन और किसी तीसरे देश के बीच साझा सीमाओं पर, सीमा का सीमांकन सभी संबंधित पक्षों की सहमति पर किया जायेगा। इसलिए, सीमा विवाद को सौहार्द्रपूर्ण ढंग से तभी हल किया जा सकता है जब तीनों देश-भारत, भूटान और चीन- आम सहमति से किसी निर्णय पर पहुंचने में कामयाब होंगे।

## गुरवाणी विचार

### कहो कबीर गूंगे गुड़ खाया पूछे तो किया कहिये

सचा सौदा हरिनाम है, सच्चा वापरा राम।
गुरमति हरि नाम नजलिये अति माल अफारा राम।
अंतर बाहर भगती राते सचि नाम लिव लागी।
नदरि करे कोई सच पाये गुरु के शबद वीचारा।
नानक नाम रते तिन ही सुख पाया- साचै के वापारा।

इस शब्द में तीसरे नानक गुरु अमरदास जी मानवमन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि प्रभु के नाम की सच्ची खरीद ही प्रभु का साचा व्यापार है और यही सबसे उत्तम व्यापार है इसी के द्वारा हमें आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। गृहस्थ में रहकर गुर सीख ने अपनी और अपने परिवार की उपाजीविका चलाने हेतु विभिन्न प्रकार के कार विहार करने हैं। तथा अपना और अपने परिवार का उदर पोषण करना है। परन्तु ये सब सही और ईमानदारी के साथ करना है और उसमें से दसबंध निकालकर जरूरतमंदों की दीनदुखियों की सेवा में लगाना है परन्तु माया कमाने के चक्कर में इतना गलतान नहीं हो जाना है कि अपने जनक को भी विसार दो-

दात पियारी विसरिया दातारा। माया है ही महा मोहिनी आदमी दस हजार कमाता है तो फिर लाख कमाने की तरफ दौड़ पड़ता है और इस तरह इस माया की अंधी दौड़ में ही फंसकर रह जाता है-

सहस्र कटे लख को उठि धावै।
तिरपत न आवै माया पाछै पावै।।

इसलिए हमें इस माया के मोह जाल में ही उलझ कर नहीं रह जाना है बल्कि कमाने के साथ साथ उस पभु परमात्मा को भी हमेशा याद रखना है जिसने हमें यह लाखों-करोड़ों की सुंदर काया दी है और उस पभु परमात्मा को भी हमेशा याद रखना है जिसने हमें यह लाखों-करोड़ों की सुंदर काया दी है और उस प्रभु परमात्मा को एकमात्र याद करने का तरीका है पभु सिमरन बंदगी हमें जहां पर प्रभु संकीर्तन होात हो जाना चाहिए प्रभु महिमा कथा, कीर्तन श्रवण करते रहना चाहिए प्रभु महिमा वाली पुस्तकें पढ़ते रहना चाहिए ताकि हमारा मन उसमें रम जाए और शनै:शनै: हम अपने मन मंदिर में पभु परमात्मा हर जीव के अंतर आत्मा में मौजूद है हमें प्रयास कर उसे खोजना है और उसकी प्राप्ति हो जाए तो फिर उसका बखान उसी तरह नहीं किया जा सकता जिस तरह एक गूंगा व्यक्ति मिठाई या गुड़ खा ले तो उसके स्वाद का बखान नहीं कर सकता-

कहो कबीर गूंगे गुड़ खाया
पूछे तो किया कहिये।।

इस तरह हमारा सही मायने में व्यापार प्रबु सिमरन कर उसकी प्राप्ति ही होना चाहिए। तभी हम प्रभु सिमरन कर उसकी प्राप्ति कर आनंदपूर्वक इस संसार में जीवनयापन कर सकेंगे और प्रभु के साचे दरबार में जाने पर जगह प्राप्त कर सकेंगे और यह तभी संभव है जब प्रभु परमात्मा की हम पर नजरें इनायत हो जाए।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### मनाने के साथ समझने होंगे रक्षा बंधन के मायने ?

भाई-बहन का रिश्ता दुनिया के सभी रिश्तों में सबसे ऊपर है। हो भी न क्यों? भाई-बहन दुनिया के सच्चे मित्र और एक-दूसरे के मार्गदर्शक होते हैं। जब बहन शादी करके ससुराल चली जाती है और भाई नौकरी के लिए घर छोड़कर किसी दूसरे शहर चला जाता है तब महसूस होता है कि भाई-बहन का ये सर्वोत्तम रिश्ता कितना अनमोल है। सरहद पर खड़ा एक सैनिक भाई अपनी बहन को कितना याद करता है और बहनों की ऐसे वक्त क्या दशा होती है? इसके लिए शब्द नहीं है। यह पर्व उस अनमोल प्रेम का, भावनाओं का बंधन है जो भाई को सिर्फ अपनी बहन की नहीं, बल्कि दुनिया की हर लड़की की रक्षा करने हेतु वचनबद्ध करता है।

रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते का त्योहार है, रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है। रक्षाबंधन के दिन बहनें भगवान से अपने भाईयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं। राखी सामान्यत: बहनें भाई को ही बांधती हैं परन्तु ब्राह्मणों, गुरुओं और परिवार में छोटी लड़कियों द्वारा सम्मानित सम्बंधियों (जैसे पुत्री द्वारा पिता को) भी बांधी जाती है। वास्तव में ये त्योहार से रक्षा के साथ जुड़ा हुआ है, जो किसी की भी रक्षा करने को प्रतिबद्ध करता है। अगर इस पवित्र दिन अपनी बहन के साथ दुनिया की हर लड़की की रक्षा का वचन लिया जाए तो सही मायनों में इस त्योहार का उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा। इस पावन त्योहार का अपना एक अलग स्वर्णिम इतिहास है, लेकिन बदलते समय के साथ बाकी रिश्तों की तरह इसमें भी बहुत से बदलाव आए हैं। जैसे-जैसे आधुनिकता हमारे मूल्यों और रिश्तों पर हावी होती जा रही है। संस्कृति में पतन के फलस्वरूप रिश्तों में मजबूती और प्रेम की जगह दिखावे ने ले ली है। आज के बदलते समय में इस त्योहार पर भी आधुनिकता हावी होने लगी है, तब से आज तक यह परंपरा तो चली आ रही है लेकिन कहीं न कहीं हम अपने मूल्यों को खोते जा रहे हैं। राखी का ये अनमोल रिश्ता महज कच्चे धागों की परंपरा भर नहीं है। लेन-देन की परंपरा में प्यार का कोई मूल्य भी नहीं है बल्कि जहां लेन-देन की परंपरा होती है वहां प्यार तो टिक ही नहीं सकता, अटूट रिश्ते कैसे बन पाएंगे। इतिहास में कृष्ण और द्रौपदी की कहानी प्रसिद्ध है, जिसमें युद्ध के दौरान श्रीकृष्ण की उंगली घायल हो गई थी, श्रीकृष्ण की घायल उंगली को द्रौपदी ने अपनी साड़ी में से एक टुकड़ा बांध दिया था, और इस उपकार के बदले श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को किसी भी संकट में द्रौपदी की सहायता करने का वचन दिया था। रक्षा बंधन की कथाएं बताती हैं कि पहले खतरों के बीच फंसी बहन का साया जब भी भाई को पुकारता था, तो दुनिया की हर ताकत से लड़कर भी भाई उसे सुरक्षा देने दौड़ पड़ता था और उसकी राखी का मान रखता था।

कहते हैं, मेवाड़ की रानी कर्मावती को बहादुरशाह द्वारा मेवाड़ पर हमला करने की पूर्व सूचना मिली। रानी लड़ने में असमर्थ थी अत: उसने मुगल बादशाह हुमायूं को राखी भेज कर रक्षा की याचना की। हुमायूं ने मुसलमान होते हुए भी राखी की लाज रखी और मेवाड़ पहुंच कर बहादुरशाह के विरूद्ध मेवाड़ की ओर से लड़ते हुए कर्मावती व उसके राज्य की रक्षा की।

परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई। आज एक बार फिर भातृत्व की सीमाओं को बहन फिर चुनौती दे रही है, क्योंकि उसके उम्र का हर पड़ाव असुरक्षित है, उसकी इज्जत एवं अस्मिता को बार-बार नोचा जा रहा है।

**-प्रियंका सौरभ**

## सार-समाचार

### मीना पटेल का किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** बाघराज वार्ड छत्रसाल नगर कॉलोनी में मीना पवन पटेल को महिला कांग्रेस सेवादल में जिला कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने स्वागत सम्मान कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सुनील जैन, मुकुल पुरोहित, निधि जैन, सेवादल जिला अध्यक्ष रजिया खान, सेवादल के प्रदेश महासचिव विजय साहू ने फूल मालाओं से मीना पटेल का स्वागत किया बधाइयां दी एवं वार्ड के 100 लोगों ने महिला एवं पुरुषों ने कांग्रेस पार्टी से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली।

### अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध की कार्यवाही

**सागर, देशबन्धु।** अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को सहायक आबकारी आयुक्त दीपक अवस्थी के आदेशानुसार एडीओ आरएस बुंदेला के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री की सूचना पर दबिश दी। दबिश के दौरान आरोपी कमलेश तनय राधे नामदेव निवासी कबीर वार्ड खुरई से 38 पाव देशी मदिरा, आरोपी अनिल तनय फूल सिंह कुर्मी निवासी कठेली थाना खुरई ग्रामीण से 16 पाव देशी मदिरा बरामद की। अगली कार्यवाही में ग्राम सदलपुर में आरोपी तारा बाई पति राजू बंजारा से 20 लीटर कच्ची मदिरा, आरोपी सुनीता पति कल्याण बंजारा से 22 लीटर कच्ची मदिरा पकड़ी गई। कार्यवाही में मौके पर जलती भट्ठीयों व 1270 कि ग्राम लहान को नष्ट किया गया। आरोपियो के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्व किया गया। कार्रवाई के दौरान आबकारी वृत प्रभारी उपनिरीक्षक सियाराम चौधरी, उप निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, आरक्षक रूप किशोर मिश्रा, प्रदीप दूबे, हेमंत कुशवाहा, मनोरमा बौद्ध उपस्थित रहे।

### मतदाता जागरूकता रैली आज

**सागर, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता रैली 29 अगस्त को प्रात: 6:45 बजे आयोजित की जाएगी। उक्त रैली खेल परिसर से कन्या महाविद्यालय से गोपालगंज पीटीसी गाउण्ड होते हुए वापिस खेल परिसर में समात्त होगी। रैली को कलेक्टर दीपक आर्य हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेगें। जिला स्तर के अधिकारी स्टाफ सहित एवं प्राचार्य महाविद्यालय 200 विधार्थी तथा हायर सेकेण्डरी प्राचार्य 500 विद्यार्थी सहित सहभागिता करेंगे।

# मध्य प्रदेश में गुंडागर्दी चरम पर है: मित्तल



**सागर, देशबन्धु।** खुरई विधानसभा क्षेत्र की बरोदिया नोनागिर में विगत दिनों अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्ति की हत्या और वृद्धि महिला को निर्वस्त्र करने की घटना को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ने घटनास्थल का दौरा किया एवं पीड़ित परिवार से मुलाकात की वहां से लौट कर सागर में घटना को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष डॉ. आनंद अहिरवार ने बताया कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में दबंगों का आतंक है, मंत्री के इशारे पर प्रशासन कम कर रहा है। सरेआम अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्ति की हत्या कर दी जाती है और उसकी मां के विरोध करने पर उसे निर्वस्त्र कर दिया जाता है। यह घटना समाज को शर्मसार करने वाली है। भाजपा सरकार में प्रशासन पंगु बना बैठा है। एफआईआर में बहुत सारे नाम छोड़ दिए गए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा इस घटना को संज्ञान में लिया गया है एवं राष्ट्रीय सचिव सीपी मित्तल को घटनास्थल का जायजा लेने के लिए भेजा गया। प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय सचिव सीपी मित्तल ने कहा कि मप्र में दलित आदिवासी और महिलाएं सुरक्षित नहीं है, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया है। घटना पर प्रशासन दबंगो के इशारे पर कम कर रहा है। मध्य प्रदेश में गुंडागर्दी चरम सीमा पर है, अपराधियों के पिता का नाम भी नहीं है, जिससे उस नाम के अन्य निर्दोष व्यक्तियों को फसाया जा सकता है। पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने भी पत्रकारों से चर्चा की। पत्रकार वार्ता में जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी, जिला कांग्रेस प्रभारी ग्रामीण अवनीश भार्गव, सह प्रभारी लोकमन कुशवाहा, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक, जिला शहर प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी और अवधेश तोमर सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## शहर युवा कांग्रेस ने किया पुतला दहन



**सागर, देशबन्धु।** खुरई विधानसभा अंतर्गत नोनागिर में नितिन अहिरवार की निर्मम हत्या, उनकी मां को निर्वस्त्र करके घुमाने एवं बहन के साथ छेड़छाड़ जैसी जघन्य कृत्य के विरोध में शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में मंत्री भूपेन्द्र सिंह का पुतला दहन किया गया और मंत्री से नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की। खुरई विधानसभा क्षेत्र एवं समूचे प्रदेश में लगातार अनुसूचित जाति एवं अहिरवार समाज के लोगों पर लगातार अत्याचार अन्याय लगातार बढ़ रहे हैं, जिसकी युवा कांग्रेस कड़ी निंदा करती है और अपराधियों के मकान जमीदोज और रासुका लगाने की मांग करती हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुनील जैन, जगदीश यादव, मुकुल पुरोहित, सुरेंद्र चौबे, राहुल चौबे, सिंटू कटारे, अमित राम जी दुबे, विजय साहू, राजा सेन, चेतन्य कृष्ण पांडे, कमलेश तिवारी, सागर साहू सहित कांग्रेस परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने नगर परिषद कार्यालय में भाजयुमो की बैठक करने के विरोध में कलेक्टर के नाम सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद कर्रापुर के कार्यालय में आवैधानिक तरीके से भारतीय जनता युवा मोर्चा राजनैतिक दल की बैठक आयोजित करने के दोषियों पर कठोर कार्यवाही की मांग को लेकर कांग्रेसजनों ने पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी के निर्देशन में नगर परिषद कर्रापुर के सीएमओ मनीष परते को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। सौंपें ज्ञापन में कहा गया है कि गत 27 अगस्त 2023 को नरयावली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कार्यालय नगर परिषद कर्रापुर में भाजयुमो की आवैधानिक तरीके से बैठक कर भाजपा कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्रों का वितरण शासकीय भवन का उपयोग कर किया गया है जो शासन के नियम निर्देशों के विपरीत होने के साथ ही शासकीय मिशनरी का दुरुपयोग भी है। बैठक की फोटो वीडियो को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आदि पर भी प्रसारित किया गया है। राजनीतिक दल की अवैधानिक तरीके से बैठक करने के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में पुष्पेंद्र सिंह, सरफराज पठान, मोहन अहिरवार, निकलंक जैन, सुरेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।

### महंगाई के बावजूद भी बाजारों में आई रौनक



**गौरझामर, देशबन्धु।** शहरों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन मनाया जाएगा। बहनें भाइयों की कलाई में राखी बंधेंगी त्योहार को लेकर घर परिवार बच्चों में उत्साह देखने को मिलेगा रक्षाबंधन पर्व त्यौहार को लेकर बाजारों में चहल-पहल दिखाई दे रही है राखी की दुकान मिठाई की दुकानों ग्राहकी तेज हो गई है। दुकानदारों ने राखियो की दुकानों को बड़े उत्साह के साथ दुकानें सजाई हैं। गौरझामर में बस स्टैंड नयापुरा त्यौहार का असर देखने को मिल रहा है। हालांकि इस बार कोविड जैसी कोई पाबंदी नजर नहीं है। राखी दुकानदारों का कहना है की 2 सालों में व्यापार पर व्यापक असर पड़ा था हालांकि महंगाई का साया ज्यो का त्यों नजर आ रहा है।

## चरित्र रूपी धन के समक्ष संसार की विभूतियां घुटने टेक देती हैं: केशव महाराज



**मकरोनिया, देशबन्धु।** श्रावण माह के पावन अवसर पर ग्राम केरबना में हो रहे तीन दिवसीय श्री शिव महापुराण सत्संग एवं अशंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण के द्वितीय दिवस की पवन श्रृंखला में प्रात: 8 बजे से ही पार्थिव शिवलिंग निर्माण करने वाले भक्तों का ताता लगा शुरू हो गया था पूरा प्रांगण शिव भक्तों से खचाखच भर गया करीब 200 से अधिक कोपरो में असंख्य पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण हुआ, केशव महाराज ने कथा में चंचल और बिंदुग्ध के प्रसंग को सुनाते हुए कहा की मनुष्य जीवन की सार्थकता केवल धार्मिकता में नहीं है बल्कि सत्कर्म में भी है मनुष्य कितना भी धार्मिक बनकर धर्म करता रहे और यदि वह सतकर्म नहीं करता तो उस धर्म से उसे कुछ लाभ होने वाला नहीं है, क्योंकि सत्कर्म करना ही धर्म की प्रथम सीढ़ी है, चरित्र बल मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। चरित्र निर्माण की प्रक्रिया जन्म से लेकर मृत्यु तक चलती रहती है। चरित्र बल ही मानवीय गुणों की मर्यादा है यह स्वभाव और विचारों की दृढ़ता का सूचक है। हमारे देश की स्वर्णिम संस्कृति में चरित्र का महत्व सर्वोपरि है। चरित्र रूपी बल के आगे विश्व की बड़ी बड़ी शक्तियों को भी नतमस्तक होना पड़ता है। चरित्र बल मनुष्य को तेजस्वी बनाता है। चरित्र रूपी धन के समक्ष संसार की विभूतियां घुटने टेक देती हैं।

### छात्र छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**राहतगढ़, देशबन्धु।** नगर की निजी एवं शासकीय स्कूल के कक्षा नौवीं से लेकर बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने हाथों में मतदाता जागरूकता लिखी तख्तियां लेकर नगर के मुख्य मार्गो से रैली निकाली साथ ही लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत प्रतिशत मतदान करने लोगो को जागरूक किया। वही एसडीएम अशोक सेन ने वर्तमान में 18 वर्ष या 18 वर्ष से अधिक जिनका मतदाता परिचय पत्र नहीं बना है उन्हें मतदाता परिचय पत्र बनवाने की अपील की। इस मौके पर तहसीलदार निर्मल सिंह राठौर, आरके कपूर, विनोद ताम्रकार, गोपाल चौरसिया सहित सभी संस्थाओं के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रही।



# अज्ञात वाहन ने वृद्धा को रौंदा, मौत

## सुबह की सैर के लिए निकली थीं, घर से सौ मीटर की दूरी पर हुआ हादसा

**भोपाल, देशबन्धु।** गांधी नगर में रविवार सुबह अज्ञात वाहन चालक वृद्धा को रौंदकर फरार हो गया। हादसे के समय वृद्धा सुबह की सैर के लिए घर से निकली थीं। लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़ा देख राहगीरों और पड़ोसियों ने परिजनों को घटना की सूचना दी थी। इस पर पति-और बेटों ने मौके पर पहुंचने के बाद उन्हें पास के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शकुन बाई पत्नी सत्यनारायण शर्मा उम्र 63 वर्ष प्रताप वार्ड गांधी नगर की रहने वाली थीं। वह गृहणी थीं, जबकि उनके पति गांधी नगर में ही स्थित एक मंदिर में पुजारी हैं। शकुन बाई हर रोज सुबह सैर पर जाती थीं। रविवार की सुबह 6 बजे भी सैर पर जाने के लिए घर से निकली थीं। लौटते समय



घर से करीब सौ मीटर की दूरी पर उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थीं। सुबह करीब सात बजे लोगों ने सड़क पर घायल हालत में देख उनके पति सत्यनारायण शर्मा को सूचना दी । तो उन्होंने मौके पर पहुंचने के बाद बेटे मुकेश फोन किया। मुकेश दो अन्य भाई नरेंद्र और सुक्की के साथ मौके पर पहुंचा। यहां लहूलुहान हालत में बेसुध पड़ी मां को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

इस मामले की जांच कर रहे एएसआई बाबूराम पटौदे का कहना है कि शकुन बाई के तीन बेटे और दो बेटी हैं। सभी की शादी हो चुकी है। फिलहाल वह अपने तीनों बेटे और पति के साथ रह रही थीं। रविवार दोपहर को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। टक्कर मारने वाले के संबंध में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। लिहाजा घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जाएगा।

### खाद्यान्न दुकानों की जांच जारी, नमूने लिए

**भोपाल, देशबन्धु।** रक्षाबंधन पर्व को दृष्टिगत कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा मिष्ठान्न निर्माता एवं विक्रेता प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है । इस दौरान यहां से खाद्य सामग्रियों ने नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए भेजा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र वर्मा ने बताया कि विभाग के दल ने कुबेर डेयरी, गुलमोहर त्रिलंगा से मथुरा पेड़ा, मावा, चमचम, नमकीन, मां कर्मा स्वीट्स् छोला रोड़ बृज स्वीट्स् मनीषा मार्केट शाहपुरा से मलाई बर्फी, रसगुल्ला, इलाइची बर्फी, गुलाब जामुन, मिल्क केक, नमकीन, मथुरा पेड़ा, इलाइची पेड़ा, इलाइची बर्फी, मठरी, छप्पनभोग चूना भट्टी, देव रेस्टोरेंट भानपुर से मावा पेड़ा, मलाई टिकिया, मिल्क केक, नमकीन, राजस्थान स्वीट्स, गुलमोहर, त्रिलंगा, बाबूजी स्वीट्स् एण्ड डेयरी, कैंची छोला से इलाइची पेड़ा, अंजीर बर्फी, मावा बर्फी, नमकीन मावा, सोन पपड़ी, चाहत स्वीट्स् मीनाल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, कुबेर डेयरी अरेरा कॉलोनी से मलाई पेड़ा, बेसन लड्डू, नमकपारे, सोनपपड़ी मावा, पनीर, बादाम बर्फी, नवरंग नमकीन, रिलाइंस रिटेल लि. ऑरा मॉल गुलमोहर से बेसन लड्डू, सोनपपड़ी, श्रीराम डेयरी फार्म छोला नाका से मावा, सोनपपड़ी से नमूनें लिये गये।

### अग्निवीर भर्ती शारीरिक प्रवीणता परीक्षा आज से

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय सेना में अग्निवीर बनने के लिए प्रदेश के 14 जिलों के अभ्यर्थियों की शारीरिक प्रवीणता परीक्षा सोमवार से भोपाल के लाल परेड मैदान में होने जा रही है। इस परीक्षा में हर दिन 781 अभ्यर्थी भाग लेंगे। भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए नई भर्ती प्रक्रिया के तहत इस बार पहले लिखित परीक्षा का आयोजन हुआ। इसमें ग्वालियर, शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, शिवपुरी, भिंड, मुरैना, दतिया, श्योपुर, दतिया, निवाड़ी, सागर, दमोह, पन्ना जिले के अभ्यर्थी शामिल हुए। लिखित परीक्षा में 21 हजार में से 7 हजार 819 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। इन्हें शारीरिक प्रवीणता परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए। पहली बार शारीरिक प्रवीणता परीक्षा इन 14 जिलों में न होकर भोपाल में हो रही है। इसके लिए सेना के अधिकारी भोपाल पहुंच गए है।। यह परीक्षा 6 सितंबर तक चलेगी।


**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सागर (म.प्र.)**
**नवीन कलेक्टर कार्यालय भवन कक्ष क्रं. 140**
दूरभाष 07582-224543 फैक्स - 07582-224543
E-mail-deosaugour@gmail.com
क्रमांक /991 / निर्वाचन/चु.पर्य./2023 सागर, दिनांक 22.8.2023
**निविदा आमंत्रण सूचना**
भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 एवं लोकसभा निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिए उपयोग किये जाने वाले बीडियोग्राफी हेतु ई-निविदायें पोर्टल https://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है । निविदा शर्तों के अधीन दिनांक 11.9.2023 को समय अपरान्ह 5.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत की जा सकती है। निविदाकार निर्धारित शुल्क 1000.00 अंकन एक हजार रूपये मात्र जमा कर निविदा फार्म जमा किया जा सकता है । निविदा का विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में भी देखा जा सकता है ।
कलेक्टर एवं
जी-18925/23 जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला- सागर



**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सागर (म.प्र.)**
**नवीन कलेक्टर कार्यालय भवन कक्ष क्रं. 140**
दूरभाष 07582-224543 फैक्स - 07582-224543
E-mail-deosaugour@gmail.com
क्रमांक / 992/ निर्वाचन / चु.पर्य./2023 सागर, दिनांक 22.8.2023
**निविदा आमंत्रण सूचना**
भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 एवं लोकसभा निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिए उपयोग किये जाने वाले फ्लेक्स, बैनर, होडिंग, पंपलेट आदि हेतु ई-निविदायें पोर्टल https://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है । निविदा शर्तों के अधीन दिनांक 11/9/2023 को समय अपरान्ह 5.30 बजे तक आनलाईन प्रस्तुत की जा सकती है । निविदाकार निर्धारित शुल्क 500.00 अंकन पांच सौ रूपये मात्र जमा कर निविदा फार्म जमा किया जा सकता है । निविदा का विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में भी देखा जा सकता है ।
कलेक्टर एवं
जिला निर्वाचन अधिकारी
जी-18920/23 जिला - सागर



**कार्यालय डिवीजनल कमाण्डेण्ट होमगार्ड सागर संभाग सागर ( म.प्र.)**
**नीलामी सूचना**
क्रमांक /B-474 /स्टेनो /2023 सागर,दिनांक 23 अगस्त 2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सागर संभाग के जिलों की भंडार निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी दिनांक 05.09.2023 को शाम 16.00 बजे होमगार्ड लाईन सागर में की जावेगी। निष्प्रयोज्य सामग्री में सैनिकों की वर्दी जैसे पतलून, कमीज, टोपी, बेल्ट, जूते, मौजे, दरी, कंबल, किट बाक्स (लोहे की पेटी) पलंग, एम.टी. पार्टस एवं अन्य सामग्री शामिल है। संपूर्ण सामग्री एक लाट में नीलाम की जावेगी । अत: इच्छुक उम्मीदवार नीलामी के दिन कार्यालय समय में आकर नीलामी के लिए सामग्री देख सकते है। नीलामी की सामग्री जैसी है उसी स्थिति में नीलाम की जावेगी।
**नीलामी की शर्ते :-**
01. बोली लगाने वाले को राशि रूपये 20,000.00 शब्दो में राशि रूपये बीस हजार मात्र प्रतिभूति राशि (Earnest Money) बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से दिनांक 05.09.2023 को 11.00 बजे से 14.00 बजे के बीच संभागीय कार्यालय में जमा करनी होगी।
02. बैंक ड्राफ्ट ' **डिवीजनल कमाण्डेण्ट होमगार्ड सागर**' के नाम से बनवाया जावे। किसी भी प्रकार की त्रुटि की स्थिति में बैंक ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जावेगा।
03. नीलामी में बोली लगाने हेतु उसी ठेकेदार को अधिकृत किया जावेगा जिनका नाम बैंक ड्राफ्ट में अंकित है। अत: संबंधित व्यक्ति (ठेकेदार) अपना आई.डी. (पहचान पत्र ) जैसे- वोटर आई.डी., आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस अन्य साथ लेकर आवें।
04. नीलामी में उक्त व्यक्तियों (ठेकेदारों) के अलावा किसी अन्य व्यक्ति का प्रवेश निषेध रहेगा ।
05. सरकारी बोली ( आफसेट प्राइज) से अधिक बोली बोलने पर ही बोली मान्य की जावेगी ।
06. यदि बोली ऑफसेट प्राईज से कम रहती है तो नीलामी की कार्यवाही स्थगित की जावेगी ।
07. किसी भी स्थिति में बोली स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नीलामी कमेटी को होगा ।
08. बोली स्वीकार होने पर उच्चयतम बोली बोलने वाले ठेकेदार की पूर्व राशि (ड्राफ्ट के माध्यम से जमा रशि रूपये 20,000/-) जो सिक्यूरिटी बतौर जमा की गई हैं उसे समायोजित किया जावेगा तथा अन्य बोलीदारों की भी बोली स्वीकार न होने की स्थिति में सिक्यूरिटी राशि ठेकेदारों को वापस कर दी जावेगी ।
09. बोली स्वीकृत होने पर समस्त सामग्री पूर्ण भुगतान देकर उसी दिन उठाना होगी।
10. साथ ही यह माना जावेगा कि क्रयकर्ता ने सभी शर्तो को मान्य करते हुये बोली लगाई हैं।
( आर. के. पाठक )
जी-18902/23 प्र. डिवीजनल कमाण्डेण्ट, होमगार्ड सागर संभाग सागर


### कम्प्यूटर ऑपरेटर भेजता था युवती को अश्लील संदेश, गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** रायसेन में एमपी ऑन लाइन में कम्प्यूटर ऑपरेटर के तौर पर काम करने वाला युवक भोपाल की खजूरी सड़क में रहने वाली युवती को अश्लील तस्वीरें व संदेश व मेल किया करता था। इस मामले की शिकायत इसी साल पीड़िता की ओर से साइबर क्राइम ब्रांच भोपाल में की गई थी। तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को रायसेन जिले से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पीड़िता का पूर्व परिचित है। डीसीपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि रायसेन में गौरव गार्डन के पीछे रहने वाला 28 वर्षीय रोहित कुमार प्रजापति कम्प्यूटर ऑपरेटर है। वह बीकाम स्नातक है। पूछताछ में उसने बताया कि पीड़िता के साथ भोपाल के एक कोचिंग संस्थान में था। दोनों यहीं एक साथ कम्प्यूटर कक्षा में जाते थे। इस संस्थान में ही दोनों के बीच परिचय हुआ था। कोर्स पूरा होने के बाद उसने लड़की से संपर्क करने का प्रयास किया। जब पीड़िता ने उसे तवज्जों नहीं दीतो उसने छात्रा को फेस बुक और मेल पर अश्लील संदेश भेजना शुरू कर दिए। इस मामले की पीड़िता की ओर से 6 मार्च को मिली शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज की गई थी। तब से ही जांच कर आरोपी तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे थे। तकनीकी जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## अब तापमान के साथ बढ़ेगी उमस



***भोपाल, देशबन्धु।*** *वर्तमान में मध्य प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाला कोई प्रभावी मौसमी सिस्टम सक्रिय नहीं है। इस वजह से मानसून की गतिविधियां लगभग थम सी गई हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वातावरण में नमी रहने से कहीं-कहीं आंशिक बादल बने हुए हैं। लेकिन बीच-बीच में धूप निकलने से तापमान के साथ ही उमस भी बढ़ रही है। हालांकि हवाओं का रुख लगातार पश्चिमी बना रहने से नमी मिल रही है। इस वजह से तापमान में विशेष बढ़ोतरी होने की उम्मीद कम है।*

*मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी एसएन साहू ने बताया कि मानसून द्रोणिका का पश्चिमी छोर हिमालय की तलहटी में पहुंच गया है, जबकि पूर्वी छोर गोरखपुर, दरभंगा से होकर गुजर रहा है। वहीं बांग्लादेश में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है, जबकि एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में पाकिस्तान और उससे लगे पंजाब पर बना हुई है। लेकिन मौसमी सिस्टमों का मध्य प्रदेश के मौसम पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। इस वजह से मानसून शिथिल पड़ गया है, जिससे पूरे प्रदेश में वर्षा का दौर लगभग थम सा गया है। बीच-बीच में बादल छंटने लगे हैं। धूप निकलने से दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। साथ ही वातावरण में कुछ उसम भी बढ़ने लगी है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए अभी एक सप्ताह तक अच्छी वर्षा होने की उम्मीद नहीं है।*


**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला सागर म.प्र.**
**( इश्तहार )**
राजस्व प्रकरण क्रमांक 13 अ / 6 वर्ष 23-24
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका महक तिलवानी पत्नि अशोक कुमार तिलवानी निवासी संतकवरराम वार्ड सागर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि सागर स्थित नजूल ब्लॉक नं. 24 प्लाट नं. 213 से 227 में से रकवा 500 वर्गफुट भूमि अशोक कुमार पिता बिहारीलाल के नाम से नजूल अभिलेख में दर्ज है अशोक कुमार पिता बिहारीलाल की मृत्यु दिनांक 05.07.2023 को हो चुकी है। जिनके वैध वारसानों में पत्नि महक तिलवानी, पुत्री भूमि, नितिशा है ।
अत: नजूल भूमि ब्लॉक नं. 24 प्लाट नं. 213 से 227 में से रकवा 500 वर्गफुट भूमि पर अशोक कुमार पिता बिहारीलाल के फौत होने से उनके स्थान पर महक तिलवानी पत्नि अशोक कुमार तिलवानी, भूमि तिलवानी, नितिशा तिलवानी पिता अशोक कुमार तिलवानी निवासी संतकवरराम वार्ड सागर का नाम नजूल अभिलेख में फौती वारसान के आधार पर दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 14.09.2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
आज दिनांक 28/08/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी ।
(सील) नजूल अधिकारी
सागर

त्यौहारों का सीजन आते ही मिलावटखोर सक्रिय, गोरखधंधे को रोकने में नाकाम प्रशासन

# केमिकल और सिंथेटिक रंगों से रंगी मिठाइयां बिगाड़ेगी सेहत

**अवधेश वर्मा**

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** त्योहारों का सीजन आते ही मिलावटखोर सक्रिय हो गए हैं। नगर खरगापुर में स्थित मिष्ठान दुकानदार कोल्ड स्टोरेज में डंप खोवे से मिठाइयां तैयार कर रहे हैं। बाजार में मिठाई बनाने में धड़ल्ले से नकली मावा और सिंथेटिक रंगों का प्रयोग हो रहा है। इसकी जानकारी खाद्य सुरक्षा विभाग को है, मगर अफसर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ऐसे में दुकानदार मनमानी अपनाए हुए हैं। नगर में मिष्ठान की दुकानें पर राजा की बजरिया के पास, हनुमान मंदिर चौराहा, बस स्टैंड और जतारा मार्ग पर दुकानदारों ने कई क्विंटलों मिठाईयां का स्टॉक भले ही कर रखा हो, लेकिन मिठाई बनाने में केमिकल व यूरिया से बने दूध और उससे तैयार नकली मावे के साथ ही सिंथेटिक रंगो का धड़ल्ले से प्रयोग हो रहा है। दुकानों में रखी रंग बिरंगी मिठाइयां देखने में तो बेहद अच्छी लगती हैं, लेकिन स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हो सकती हैं। नकली मावा तो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है ही, वहीं सिंथेटिक रंग भी शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। लेकिन दुकानों पर बिक रही इन मिलावटी मिठाइयों को लेकर खाद्य विभाग समेत स्थानीय प्रशासन गंभीर दिखाई नहीं दे रहा है। अब तक मिलावटखोरी रोकने के लिए कोई अभियान नहीं शुरू किया है। इसके चलते ऐसे दुकानदारों को हौसले बुलंद हैं। त्योहार के सीजन में खाद्य पदार्थों का बड़ा कारोबार होने के कारण मिलावटखोर भी ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं। केमिकल व यूरिया से बने दूध और उससे तैयार मावा व उसकी मिठाइयां क्विटलों की मात्रा में खपाई जाती हैं। लेकिन स्थानीय प्रशासन अब तक इस गोरखधंधे को रोक नहीं सका है।



### इनका कहना है

दूषित व मिलावटी खाद्य सामग्री आपको बीमार कर सकती है। इसलिए खाद्य सामग्री का सेवन करते हुए विशेष सावधानी बरतें। त्योहारों के मौसम में दूषित और मिलावटी सामग्री की बिक्री बढ़ जाती है। यही कारण है के त्योहारों पर दूषित और मिलावटी मिठाई या खाद्य सामग्री का सेवन करने से उल्टी, दस्त, हैजा, पेट दर्द, गले में इंफेक्शन के मरीज बढ़ जाते हैं। खाद्य विभाग को मिठाइयों की दुकानों पर छापामारी करने का निर्देश दिया गया है। मिलावटखोरी करने वाले दुकानदारों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। जल्द ही दुकानों पर छापे मारकर मिठाइयों के नमूने लिए जाएंगे।

**विजय कुमार सेन, एसडीएम बल्देवगढ़**

ठेकेदार को मिल रहा प्रशासन का साथ, महुआ की मदिरा पर कसा जा रहा शिकंजा

# गांव-गांव पहुंच रही शराब से गरीब परिवार हो रहे बर्बाद

**अखण्ड यादव**

प्रशासन द्वारा कच्ची महुआ की शराब पकड़ने में तो दिलचस्पी ली जा रही हैं लेकिन शराब माफियाओं पर कार्यवाही करने से पल्ला झाड़ा जा रहा है। शराब का सेवन करने से कई परिवार बर्बाद हो रहे हैं। कई परिवारों के पुरुष शराब के कारण मजदूरी करने नहीं जा रहे हैं और इसके कारण उनके परिवार की आर्थिक स्थिति भी खराब होती जा रही है। परिवार के भरण पोषण करने के लिए महिलाओं को मजदूरी करने के लिए विवश होना पड़ रहा है। शराब के कारण लड़ाई झगड़े होना तो जैसे कुछ परिवारों की नियति बन गई है। आबकारी ठेकेदार के इशारे पर कच्ची शराब की धरपकड़ करके अपनी पीठ थपथपा रहा प्रशासन गांव-गांव बिक रही अवैध शराब पर अंकुश लगा पाने में असमर्थ  नजर आ रहा है। प्रशासन द्वारा शराब की अवैध बिक्री पर नरम रवैया अपनाया जा रहा है।



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** थाना बुड़ेरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बुडेरा में स्थित देशी एवं अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान से पूरे क्षेत्र में जमकर अवैध तौर पर शराब बेची जा रही है। बुड़ेरा शराब दुकान के ठेकेदार द्वारा थाना पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर अपनी कमांडर गाड़ी और मोटरसाइकिल से गांव-गांव जाकर शराब सप्लाई की जा रही है। मोटर साइकिल और चार पहिया वाहन कमांडर गाड़ी से शराब ले जाने का वीडियो भी ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वायरल किया है। यह सब जानकारी बुड़ेरा पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों को होने के बाद भी शराब ठेकेदार पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। शराब ठेकेदार पर कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसले बुलंद है और क्षेत्र के हर एक गांव में खुलेआम अवैध शराब का कारोबार जमकर फल फूल रहा है। एक ओर प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने गांव-गांव में बिकने वाली अवैध शराब और शराब दुकानों के बगल में खुले अहातो को बंद करने के लिए नई शराब नीति बनाकर आदेश जारी किए हैं लेकिन टीकमगढ़ जिले की ग्राम पंचायत बुड़ेरा स्थित देशी एवं अंग्रेजी कंपोजिट शराब की दुकान बुड़ेरा के ठेकेदार द्वारा सरकार के नियमों धज्जियां उड़ाई जा रही है। ठेकेदार द्वारा गांव-गांव में अवैध शराब बिक्री के केंद्र बनाकर जमकर अवैध शराब की बिक्री कराई जा रही है, जिससे क्षेत्र की छोटी-छोटी दुकानों पर आधी रात तक महफिलें जमने लगी है। शराब ठेकेदारों ने क्षेत्र के गांवो को अपनी-अपनी रियासतों में बाट लिया है। उल्लेखनीय है कि देशी एवं अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान बुड़ेरा में ठेकेदार ने देशी एवं अंग्रेजी शराब बेचने के ठेके लिए हैं। शासन के नियमानुसार ठेकेदार द्वारा शराब दुकान के अंदर ही शराब बेचने का होता है, जिसकी शर्तें आबकारी विभाग द्वारा एग्रीमेंट करके लागू की जाती है।

# पटवारियों ने तहसीलदार को दी अनिश्चितकालीन हड़ताल की सूचना



**पलेरा, देशबन्धु।** नगर के तहसील कार्यालय में सोमवार के दिन समस्त हल्का पटवारियों ने अपना रिकॉर्ड तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी को सौंप दिया है। हल्का पटवारियों के द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल की सूचना भी तहसीलदार को दे दी गई है। स्थानीय पटवारी की ओर से जारी की गई सूचना में बताया गया है कि पूर्व ज्ञापन के पालन में समस्त हल्का पटवारियों के द्वारा अपना बस्ता तहसील कार्यालय में जमा करते हुए अपनी समस्त मांगे पूर्ण न होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं। ज्ञापन देने बालों में लक्ष्मी प्रसाद राजपूत, राहुल सेन, दीपक मिश्रा, रामप्रसाद गोड़, ऋषभ साहू, अवधेश दुबे, मनीष खरे, राकेश कुशवाहा, कौशलेंद्र अहिरवार, धर्मदास सौर, रामनारायण खटीक, सौरभ तिवारी, किशनलाल गोड़, मनेन्द्र प्रजापति इत्यादि के नाम शामिल है।

# छात्र-छात्राओं ने बनाई आकर्षक राखियां



## शामा शाला में राखी बनाओं प्रतियोगिता आयोजित

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** रक्षाबंधन त्यौहार के उपलक्ष्य में शासकीय माध्यमिक शाला नयाखेरा में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शाला के शिक्षक विवेक खरे द्वारा बताया गया कि आगामी रक्षाबंधन त्यौहार के उपलक्ष्य में शाला के बच्चों द्वारा आकर्षक राखियां बनाई गई। इन राखियों की खास बात यह रही कि बच्चों द्वारा घर की अनुपयोगी सामग्रियों से यह राखी बनाई गई है। कबाड़ से जुगाड़ के तहत बनाई गई इन राखियों को बच्चों ने बहुत ही आकर्षक रूप दिया है और यह राखियां बाजार की महंगी महंगी राखियों से भी ज्यादा सुंदर और आकर्षक हैं। शाला की शिक्षिका अनामिका शर्मा ने बताया कि छात्रा उमा विश्वकर्मा, साक्षी विश्वकर्मा, संजना, वैशाली विश्वकर्मा, आकांक्षा विश्वकर्मा आदि के द्वारा घर में रखी चूड़ियों, कांच के टुकड़ों, ऊन एवं धागों से मिलकर यह राखियां बनाई गई हैं। शाला के समस्त शिक्षकों द्वारा बच्चों को इस अवसर पर पुरस्कार वितरण भी किया गया।

# ग्राम पंचायतों में फर्जी फर्म बनाकर किए जा रहे भुगतान




- अधिकारी नहीं कर रहे कार्यवाही
- चुनावी साल में सियासत के दम पर फर्जीवाड़े का खेल

**पलेरा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत पलेरा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में फर्जी फर्मों के जरिए भुगतान हो रहे हैं। जानकारी के बाद भी अधिकारी कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। इन मामलों में वाणिज्यकर विभाग पहले भी संज्ञान ले चुका है। पिछले महीनों विभाग के द्वारा नगर में की गई एक कार्यवाही पर हड़कंप मच गया था। इसके बावजूद भी फर्जीवाड़े का यह खेल लगातार ग्राम पंचायतों में जारी बना हुआ है। पलेरा जनपद में एक दर्जन से अधिक फर्जी फर्मों के जरिए मात्र जीएसटी नंबर लेकर भुगतान कर लिए गए हैं। जिसमें अधिकतर बिलों में रेत, मुरम, पत्थर, गिट्टी, सीमेंट के नाम पर लाखों का आहरण हुआ है। जिसमें सीमेंट को छोड़कर सभी खनिज है। जिस पर सरकार द्वारा रॉयल्टी भी वसूल की जाती है। मगर इन बिलों पर खनिज की आपूर्ति दर्शाकर न केवल राशि का आहरण किया गया, बल्कि खनिज की रॉयल्टी की भी चोरी की गई। इसके साथ ही इस मामले में जांच इस बात की भी होनी चाहिए कि जो बिल लगाए हैं, वास्तव में उस सामग्री की खरीदी हुई है अथवा नहीं। वहीं यह भी जानना होगा कि लाखों की दुकानदारी करने वाले संचालकों के पास क्या नंबर एक की पूंजी थी। पहले क्या इनकम टैक्स विभाग में इन्होंने अपनी पूंजी को दर्शाया है। इन सभी मुद्दों की जांच सही तरीके से की जाए तो एक बड़ा घोटाला सामने आ सकता है।

### बिलों की जांच पड़ताल किए बगैर ही कर दिया भुगतान

इस पूरे फर्जीवाड़े में फर्जी फर्मों का साथ सरपंच-सचिवों ने बखूबी दिया है। फर्जी फर्मों के बिलों की बिना जांच पड़ताल किए ही पंचायत ने राशि भुगतान कर दी। जबकि उस कार्य में इतना सामान कहां लगा है, इसका ध्यान नहीं दिया है। कई पंचायतों में लाखों के सीमेंट, सरिया, मटेरियल, मिठाई, ट्रैक्टर कार्य की फोटो कॉपी से लेकर हर काम एक ही दुकानदार द्वारा संचालित फर्म से बिल लगाए जा रहे हैं। बताया गया है कि फर्जीवाड़े का यह खेल सियासत की दम पर लंबे समय से खेला जा रहा है।

### इनका कहना है

स्थानीय नगर के मिष्ठान व्यापारी कृष्णकांत सोनी उर्फ कंतू, किशोरी लाल चौरसिया, अन्ना चौरसिया आदि ने बताया कि उन्होंने 15 अगस्त के पूर्व मिष्ठान के नाम पर ग्राम पंचायत में हो रही धांधली की शिकायत जनपद अध्यक्ष से की थी। इन दुकानदारों ने बताया कि वर्तमान में जो मिष्ठान के बिल ग्राम पंचायतों में लगाए गए हैं वह पूर्णता फर्जी है। उक्त फर्म समूचे नगर क्षेत्र में कहीं नहीं है।

भोलेनाथ को जल अर्पण करने के साथ कांवड़ यात्रा का समापन

# विधानसभा की 80 ग्राम पंचायतों से गुजरे पूर्व विधायक कृष्ण कुमार



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भाजपा के पूर्व विधायक कृष्ण कुमार श्रीवास्तव द्वारा श्रावण मास के उपलक्ष्य में निकाली गई कांवड़ यात्रा 28 अगस्त सोमवार को टीकमगढ़ पहुंची। शहर में भाजपा कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। नगर भ्रमण के बाद कांवड़ यात्रा शिव धाम कुंडेश्वर पहुंची। पूर्व विधायक ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर यात्रा का समापन किया। यात्रा के संयोजक केके श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले 15 सालों से सावन के महीने में कांवड़ यात्रा निकालते चले आ रहे हैं। इस बार 18 से लेकर 28 अगस्त तक टीकमगढ़ विधानसभा के ग्रामीण इलाकों में कांवड़ यात्रा निकाली गई। इस दौरान विधानसभा की 80 ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया। 18 अगस्त को बान सुजारा बांध का जल भरकर यात्रा की शुरुआत की थी। आज कृषि उपज मण्डी से यात्रा शुरू की गई। इसके बाद ढोंगा रोड, मंगल भवन, बौरी दरवाजा, कटरा बाजार, मंडी रोड, सिंधी धर्मशाला, सेल सागर चौराहा, गांधी चौराहा, स्टेट बैंक चौराहा, ताल दरवाजा होते हुए यात्रा शिव धाम कुंडेश्वर पहुंची। शिव धाम कुंडेश्वर पहुंचकर पूर्व विधायक ने कांवड़ियों के साथ बान सुजारा बांध के जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। विधि विधान से अभिषेक और पूजन के बाद क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए मनोकामना मांगी। उन्होंने बताया कि 18 अगस्त से चल रही कांवड़ यात्रा का आज समापन हो गया है। कांवड़ यात्रा के समापन के बाद कुंडेश्वर प्रांगढ़ में भव्य भंडारा किया गया।

## तीन हजार रुपए का इनामी स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा ईनामी फरारी स्थायी बारंटियों को पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना बम्हौरी कला पुलिस द्वारा 28 अगस्त सोमवार को मुखबिर की सूचना पर प्रकरण क्रमांक 1022/15 धारा 379, 109 भादवि में विगत 8 वर्षों से फरार चल रहे इनामी स्थायी बारंटी नंदू पिता कल्लू अहिरवार उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम अमरमऊ थाना शाहगढ़ जिला सागर को अमरमऊ से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक रामसिया चौधरी थाना प्रभारी बम्हौरी कला, प्रधान आरक्षक 156 शैलेन्द्र सिंह परिहार, आरक्षक 350 कमल सिंह सेंगर, आरक्षक 91 अवध किशोर चौरसिया, आरक्षक 549 संगम नायक, आरक्षक 587 राजीव मिश्रा एवं आरक्षक 39 महीपत श्रीवास पुलिस लाईन टीकमगढ़ की विशेष भूमिका रही ।

अनिश्चितकॉलीन भूख हड़ताल का चौथा दिन, प्रशासन ने अपनाया उदासीन रवैया

# महामंडलेश्वर हनुमान दास जी महाराज भी अनशन स्थल पर डटे



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले सहित संपूर्ण प्रदेश में गौ वंश की दुर्दशा से व्यथित स्वामी देवस्वरुपानंद की भूख हड़ताल सोमवार को चौथे दिन भी जारी रही। स्वामी जी केवल पानी पीकर विगत 25 अगस्त से जिला संयुक्त कार्यालय के सामने भूख हड़ताल कर रहे हैं। इन चार दिनों में प्रशासनिक अधिकारी के रुप में टीकमगढ़ तहसीलदार ही उनके पास चर्चा करने के लिए पहुंच सके हैं। अभी तक प्रशासन द्वारा उनकी सेहत की जांच के लिए डॉक्टरों के दल को भी निर्देशित नहीं किया गया है। गौ-वंश के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर शासन व प्रशासन के विरुद्ध तीखे तेवर अपना चुके स्वामी देवस्वरुपानंद को इशारों-इशारों में धमकियां मिलने का दौर भी शुरु हो चुका है। स्वामी जी ने पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी को इस संबंध में फोन के माध्यम से अवगत करा दिया है। भूख हड़ताल के चार दिन बीतने के बाद भी प्रशासन का उदासीन रवैया संतो सहित आम जनता के बीच आक्रोष बढ़ाने का काम कर रहा है। सड़कों पर विचरण कर रहा आवारा गौवंश प्रदेश सरकार द्वारा निर्मित की गई गौशालाओं के संचालन पर भी सवालिया निशान खड़ा कर रहा है। स्वामी जी ने अपने वकतव्य में दो टूक कह दिया है कि जब तक गौवंश को संरक्षित नहीं किया जाता है, तब तक उनकी भूख हड़ताल जारी रहेगी। भगवान राम राजा की नगरी अयोध्या धाम से आए संत सनातन धर्म सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर हनुमान दास जी महाराज भी स्वामी देवस्वरुपानंद जी की भूख हड़ताल को समर्थन देने गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए उनके साथ 24 घंटे बैठे हुए हैं। सोमवार 28 अगस्त को उत्तर प्रदेश के जिले ललितपुर अंतर्गत वानपुर थाने की लवकुश सेना के सैकड़ों युवाओं ने अनशन स्थल पर आकर पूर्ण रुप से अपना समर्थन देने की बात कही है। स्वामी जी ने बताया है कि शीघ्र ही टीकमगढ़ की धरती पर गौ रक्षा के उनके संकल्प में साथ देने संतो की भारी उपस्थिति दिखाई देगी। बहरहाल स्वामी जी की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के चलते शासन-प्रशासन सकते में है और बीच का रास्ता निकालने का प्रयास करने में जुटा है, हालांकि स्वामी जी ने प्रशासन के समक्ष अपना रुख स्पष्ट कर दिया है।

## सार समाचार

### निरंतर मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य किया जा रहा



**दमोह देशबन्धु।** ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत निरंतर मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य किया जा रहा हैं। 18 वर्ष होने वाले ऐसे युवक एवं युवतियां जिनकी आयु 01 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष होने वाली है एवं ऐसे छूटे हुए मतदाता जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत भी मतदाता सूची में नाम नहीं जुड़ा है, का नाम मतदाता सूची में जुड़ने के लिए अब तक 250 से भी अधिक विद्यार्थियों एवं नागरिकों का मतदाता सूची में नाम जोड़े जा चुके हैं। महाविद्यालय में तीन बीएलओ की टीम जी पी खरे, संतोष दुबे, आशीष तिवारी द्वारा प्रातः 10:30 से शाम 05 बजे तक विद्यार्थियों सहित आम नागरिकों के नाम जोड़ने के लिए प्रयास किया जा रहा हैं। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु समस्त जिले के महाविद्यालय में प्राध्यापकों की टीम एवं बीएलओ की टीम द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा हैं।

### तेन्दूखेड़ा रानी दुर्गावती महाविद्यालय में नवनिर्मित अतिरिक्त 6 कक्षों का लोकार्पण

# चंद्रयान-3 की सफलता से भारत दुनिया के शीर्ष पर: पटेल



**दमोह देशबन्धु।** चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत माता को दुनिया के शीर्ष पर पहुंचा दिया है। भारत माता का मान बढ़ाकर भारत माता के सपूत होने का प्रमाण दिया है, जो देश अपने आप को विकसित कहते थे, वह पीछे रहे। देश लॉचिंग में लगभग दो दशक से नंबर वन है, ऑर्बिट में पहुंचाने की हमारी क्षमता थी। लेकिन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कोई नहीं पहुंचा, पर भारत पहुंचा और इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मोटिवेशन का, उनके नैतिक बल का हृदय से अभिनंदन करता हूं और हमारे इसरो के वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सफलता अर्जित की है, वह बधाई और अभिनंदन के पात्र हैं। इस आशय के विचार केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने तेन्दूखेड़ा में अमर बीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय तेन्दूखेड़ा में 353.09 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित अतिरिक्त 6 कक्षो के लोकापर्ण अवसर पर व्यक्त किये। केन्द्रीय राज्यमंत्री पटेल ने यह मोटिवेशन तेंदूखेड़ा महाविद्यालय जैसे ग्रामीण क्षेत्र के महाविद्यालय के बच्चों को भी प्रेरणा देगा, क्योंकि इसरो की टीम में जो वैज्ञानिंक हैं, वह अधिकांश छोटे स्थान के लोग हैं। इसमें एक बात महत्वपूर्ण है जो की खगोल शास्त्र के बिना संस्कृत और वेद की हम ऊंचाइयां नहीं छू सकते, यानी सांस्कृतिक विरासत बड़ी चीज है इसलिए छात्र-छात्राएं उस तरफ भी ध्यान दें, पढ़ाई का मतलब सिर्फ कोर्स पूरा करना नहीं है, बल्कि हम अपनी सनातन परंपराओं की चीजों को भी कभी पलट कर देखें तो हम ऊंचाइयां छू सकते हैं।

कार्यक्रम के अंत में केन्द्रीय राज्यमंत्री पटेल ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान पूर्व ऊर्जा राज्यमंत्री दशरथ सिंह लोधी, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेशचंद जैन, भावसिह लोधी, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह ठाकुर, गोविंद यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनीता सीग, रश्मि साहू, राजेश यादव, डॉ. परम सिंह, एसडीएम अविनाश रावत, एसडीओपी डी.एस. ठाकुर, नगर निरीक्षक फेमिदा खान, तहसीलदार बृजेश सिंह, सम्मानीय मीडियाजन सहित महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## महिला की प्रसव पीड़ा के दौरान बिगड़ी तबियत, रक्तदान कर बचाई जान



**दमोह देशबन्धु।** जिला अस्पताल में विती देर रात भर्ती महिला के प्रसव पीड़ा के चलते रक्त की कमी होने से अचानक तबियत बिगड़ गई जिसके बाद परिजन सहित जिला अस्पताल का स्टाप रक्त को लेकर परेशान होते रहे जब कहि से भी रक्त की व्यवस्था नही हुई तो महामाया रक्तदान एवं जनकल्याण समिति के सदस्यों ने जिला अस्पताल पहुंचकर अपना रक्तदान कर महिला की जान बचाई। दरअसल बीती रात लाली चौरसिया पथरिया के ग्राम केवलारी निवासी महिला को रक्त की आपातकालीन स्थिति में अत्यंत आवश्यकता पड़ने पर महामाया रक्तदान जनकल्याण समिति को सूचना मिलते ही समिति के सदस्यों ने जिला अस्पताल पहुंचकर देर रात 1 बजे महिला मरीज के लिए तीन युवाओं ने रक्त दान किया और महिला की जान बचाई है। रक्तदान समिति के लकी सचिन गांगरा, प्रदीप राजपूत, राजेश चौरसिया ने जरूरतमंद महिला को समय पर अपना रक्तदान किया और महिला की जान बचाई जिसके बाद महिला के परिजनों ने समय पर रक्त मिलने पर समिति के सदस्यों का आभार जताया है। इस मौके पर समिति अध्यक्ष अखलेश रजक सचिव अभिषेक जैन सहित जमना चोवे, सहित स्टाप की मौजूदगी रही।

## शिविर लगाकर युवा मोर्चा कर रहा युवाओं को जोड़ने का कार्य




**दमोह देशबन्धु।** प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में आयोजित कार्यक्रम एम पी के मन में मोदी सदस्यता अभियान 2023 के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा दमोह द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी एवं जिला उपाध्यक्ष संजय सेन के मार्गदर्शन में एवं भाजपा युवा मोर्चा दमोह के जिला अध्यक्ष भरत यादव के नेतृत्व में बाईक रैली निकालकर युवाओं को जागृत किया गया एवं शहर के विभिन्न स्थानों पर सदस्यता अभियान केम्प लगाकर सदस्यता दिलाने का कार्य किया गया। यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर आयोजित किया गया एवं मंगलवार को जिले सभी मंडलों में युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्षों द्वारा एक साथ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा दमोह के जिला पदाधिकारी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं युवा मोर्चा दमोह के जिला पदाधिकारी नगर के मंडल अध्यक्षों एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही ।

## सावन के अंतिम सोमवार पर उमड़ा भक्तों का सैलाब, नदी में किया दीपदान

**दमोह/हटा देशबन्धु।** बुन्देलखण्ड की उपकाशी हटा में सावन के पूरे माह प्रत्येक सोमवार को नगर से निकलने वाली नदी किनारे महाआरती का आयोजन श्री बिहारी जी सरकार सेवा समिति के द्वारा किया गया, अंतिम सोमवार को नदी किनारे नावघाट पर भक्तों ने सर्वप्रथम शिव आराधना की , इसके उपरांत सामूहिक रूप से सुनार नदी मैया की संगीतमय आरती की गई। समाजसेवी डॉ. सीएल नेमा, सेठ दुलीचंद साहू, नगर निरीक्षक मनीष मिश्रा, पूर्व विधायक उमादेवी खटीक, रामकली तंतुवाय, सुनील राय, एडवोकेट अमिताभ चतुर्वेदी सहित बडी संख्या में समाजसेवियों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इस अवसर पर सैकडों की संख्या में महिलाओं के द्वारा मंगलगान करते हुए नदी में दीपदान किया, जब नदी में दीप जल रहे थे तो ऐसा लग रहा था जैसे सुनार नदी मैया ने तारों को अपनी गोद में समेट लिया हो, कार्यक्रम के आयोजक बबलू राय ने सभी के निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



## वरिष्ठ कांग्रेस जनो का प्रदेश महामंत्री पं. मनु मिश्रा ने द्वितीय चरण में किया सम्मान

**दमोह देशबन्धु।** दिनांक 28 अगस्त 2023 दिन सोमवार को दमोह शहर के वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं समाजसेवियों जिनका कांग्रेस पार्टी के प्रति वर्षों से समर्पण एवं योगदान रहा है ऐसे वरिष्ठ विभिन्नजनों का प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री पं. मनु मिश्रा ने उनके निवास स्थान एवं प्रतिष्ठानों पर जाकर सम्मान पत्र श्रीफल एवं शॉल देकर सम्मान किया। जिसमें पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शंकर राय, वरिष्ठ कांग्रेसी राजकुमार गुप्ता को द्वितीय चरण में स्वागत किया गया। इस संबंध में प्रदेश महामंत्री मनु मिश्रा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी के निर्देशानुसार पार्टी के वरिष्ठ जनों को सम्मानित करते हुए हम सभी गौरवान्वित हो रहे हैं। आगामी विधासभा चुनाव में हमे ऐसे वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन सुझाव प्राप्त होते रहेंगे जो पार्टी के लिए मजबूती प्रदान करेंगे। इस अवसर पर किसान कांग्रेस अध्यक्ष नितिन मिश्रा, सोनू सोदिया, डॉ. गिरीश मिश्रा, दिनेश रैकवार, उमाशंकर चौबे, पार्षद शैलेन्द्र सिंह, के.के. अग्रवाल, समीम कुरैशी, गोपाल रैकवार, अरविन्द अवस्थी, खिल्लू ठाकुर, सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## स्वावलंवी भारत अभियान में आयोजित की कार्यशाला



**दमोह देशबन्धु।** विश्व उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यशाला की श्रृंखला में दमोह के रघुवर दयाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में केबीएल सेवा निवृत्त प्राचार्य के मुख्य अतिथि में एवं देवाशीष महापात्र प्राचार्य की अध्यक्षता में स्वावलंवी भारत अभियान की कार्यशाला में मुख्य वक्ता स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक मनोहर ने रोजगार मूलक विषय पर विस्तार से जानकारी दी, इस अवसर पर शाला परिवार का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## विनोद राय ने महाकाल पालकी का किया भव्य स्वागत



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** जबेरा में बाबा महाकाल पालकी का भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसने हजारो की संख्या में भोले बाबा के भक्त सम्मिलित हुए जिसमें जनपद अध्यक्ष जबेरा प्रति विनोद राय जी द्वारा भोले बाबा के भक्तों को अंगवस्त्र एवं प्रसादी की वितरित किया गया।

## रेपिड एक्शान फोर्स और पुलिस ने निकाला फ्लेग मार्च

**दमोह/हटा देशबन्धु।** नगर व क्षेत्र का साम्प्रादायिक सौहाद्र कैसा है, यहां की धार्मिक एवं अन्य उत्सव मनाने की कैसी परम्परा है, यहां सभी समाज के लोगों का आपस में कैसा संबंध है, यहां की मान्यता, रीति रिवाज, परम्पराओं से रूबरू होने के उद्देश्य से उसका अध्ययन करने के लिए ही हमारी टीम हटा नगर में आई है, इसी के साथ ही हम सामान्य जानकारियां भी एकत्रित कर रहे है यह बात स्थानीय पुलिस थाना में रैपिड एक्शकन फोर्स के उप कमांडेन्ट पंचम लाल ने सौजन्य भेंट में कही। उन्होंने बताया कि सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील/अतिसंवेदनशील इलाको तथा बलबाइयो/दंगाईयो की सूची तैयारी की जायेगी, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई घटना या तनाव की स्थिति निर्मित होती है तो उसे किस तरह नियंत्रण किया जाये, इसका भी अध्ययन दल के द्वारा किया जा रहा है, दल के द्वारा क्षेत्रीय भौगोलिक नक्शा भी तैयार किया जा रहा है, सोमवार को केन्द्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार रेपिड एक्शन फोर्स डी 107 बटालियन के प्लाइटून कमांडेंट जगदीश प्रसाद बलाई के निर्देशानुसार एक टीम द्वारा दमोह जिला के विभिन्न थाना का भ्रमण कर उनका परिचय अभ्यास कराया जा रहा है, इस दल में दो राजपत्रित अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी आठ एवं अन्य सैनिक 31 है। रैपिड एक्शन फोर्स एवं पुलिस बल हटा ने नगर के मुख्यमार्गो पर संयुक्त फ्लेगमार्च निकाला गाया, थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने फोर्स का आभार व्यक्त करते हुए दल के लिए नगर के इतिहास, धर्मिक अध्यात्म आदि बिन्दुओं पर चर्चा की।



## राष्ट्रीय खेल दिवस पर वॉलीबॉल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र पथरिया के तत्वाधान में बजरंग क्लब लखरोनी द्वारा ग्राम पंचायत लखरोनी में राष्ट्रीय खेल दिवस युवा सप्ताह के अंतर्गत भारत एवं विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जयंती के शुभ अवसर पर विकासखंड स्तरीय वॉलीबॉल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 8 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लकी पटेल पथरिया, मंडल अध्यक्ष सरमन पटेल, अरविंद पटेल, कुलदीप पटेल, सरपंच मनोज पटेल द्वारा खिलाड़ियों को शील्ड एवं मैडल द्वारा पुरस्कृत किया। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से सीनियर खिलाड़ी रामेश्वर पटेल, रघुनाथ पटेल, देवेंद्र राठौर रहे। युवा समन्वयक संतोषी पटेल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## सावन का अंतिम सोमवार: भगवान की झांकी के साथ निकली कावड़ यात्रा

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर गांधी चौक से विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई। कावड़ यात्रा सावरकर चौक हनुमान चौक भारत रोड जीवाजीपुर मुंद्रा बालर होते हुए ग्राम बरिया पहुंची जहां भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया कावड़ यात्रा के आयोजक देवेंद्र वर्मा ने बताया कि 17 किलोमीटर पैदल चलकर कावड़ लेकर श्रद्धालुओं ने शिव का अभिषेक किया है वर्षों से यह कावड़ यात्रा निकाली जा रही है। कावड़ यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर लोगों ने स्वागत भी किया मालूम हो कि सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर शहर के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। के छोटी-छोटी कावड़ यात्राएं भी शहर में निकाली गई उदयपुर स्थित नीलकंठ मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार पर 25000 से अधिक श्रद्धालुओं ने अभिषेक कर भगवान शिव के दर्शन किए वहीं गम का रिश्ते सिर्फ धाम में भी हजारों श्रद्धालुओं ने अभिषेक पूजा नार्कन किया।



### रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पावन पर्व मनाया

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर के पास स्थित सेवा केंद्र में रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पावन पर्व मनाया गया जिसमें अपर सत्र न्यायाधीश ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कहा कि रक्षाबंधन हम सभी भारतवासियों के लिए एक पावन पर्व है इस दिन हर बहन अपने भाई को राखी बांधती है। इस शुभ आशा के साथ की उसका भाई जीवन भर उसकी और उसकी पवित्रता की रक्षा करेगा। यह बंधन एक ऐसा पवित्र बंधन है जिसमें एक बार वधं जाने से उस रिश्ते का सम्मान बहुत बढ़ जाता है।

## वन स्टॉप सेंटर में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न



**दमोह देशबन्धु।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेणुका कंचन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर दमोह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में तृतीय जिला न्यायाधीश महिमा कछवाहा, प्रशासक मालती कुर्मी, सहित समस्त स्टाफ एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। इस अवसर पर तृतीय जिला न्यायाधीश महिमा कछवाहा ने कहा कामकाजी महिलाओं का शोषण न हो इसके लिये कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम बनाया गया है, जिसके तहत प्रत्येक विभाग स्तर पर एक परिवाद समिति गठित की गई है, यदि कार्यस्थल पर कोई पुरूष किसी महिला का शोषण करता है तो उसकी शिकायत समिति के समक्ष प्रस्तुत की जा सकती है। साथ ही उन्होंने भरण-पोषण, घरेलू हिंसा आदि विषय पर भी विस्तृत जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा महिलाओं को पीड़ित, प्रतिकर योजना, परिवार विवाद समाधान केन्द्र योजना, नेशनल लोक अदालत एवं मीडियेशन विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया यदि कोई व्यक्ति के साथ अपराध कारित होता है तो उसके पुनर्वास हेतु प्रतिकर योजना संचालित है जिस हेतु वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क किया जा सकता है।

# नोडल अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वाहन करें: श्री आर्य



## आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत अधिकारियों की बैठक संपन्न

**सागर, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए की जा रही तैयारियों के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न निर्वाचन संबंधी दायित्वों के लिए नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशों की कड़ाई से पालन करते हुए, अपने दायित्वों का निर्वाहन करें। निर्वाचन कार्यो के दौरान प्रकिया का पूरी तरह पालन करना है। आप निर्देशों का पूरी तरह पालन करते हुए जब कोई कार्य करते है, तो हो सकता है कुछ अधिक समय लगे पर कार्य में कोई त्रुटि नहीं होती। बैठक में नगर निगम कमिश्नर चन्द्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीसी शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा, संयुक्त कलेक्टर विनय द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने बताया कि जिले में पदस्थ प्रशासनिक एवं कार्यपालक तथा शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थाओं के अधिकारियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार विभिन्न निर्वाचन संबंधी कार्यो के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन संबंधी कार्य के राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर एवं प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक सागर वायपी सिंह ने नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों को उनके सौपें गए कार्यो के विषय में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम हेल्पलाइन में यदि शिकायत को अटेन्ड नहीं किया तो एक दिन का वेतन कटेगा: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण करें। विभागीय अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में ग्रेडिग में सुधार करें। जो विभाग बीए सी और डी ग्रेड में है, अपनी ग्रेडिग सुधार कर ए ग्रेड प्राप्त करें। एल.1 स्तर पर ही शिकायतों का निराकरण हो। शिकायतों की प्रतिदिन समीक्षा करें। यदि कोई शिकायत बिना अटेन्ड किए अगले स्तर पर जाती है। तो संबंधित अधिकारी कर्मचारी के एक दिन के वेतन की कटौती की जाएगी। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक आर्य ने समय सीमा बैठक में दिए। बैठक में इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीसी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर विनय द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# फीडबैक देकर सेल्फी ली, ताकि परिचितों को फीडबैक देने प्रेरित कर सकें



**सागर, देशबन्धु।** महापौर संगीता तिवारी एवं निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देश अनुसार स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग प्राप्त करने के लिए नगर निगम द्वारा नगरवासियों से अधिक से अधिक फीडबैक कराने निगम और स्मार्ट सिटी द्वारा संयुक्त रूप से तेजी से प्रयास किये जा रहे हैं, जिसके लिए अलग-अलग टीमों द्वारा शहर के विभिन्न बाजार क्षेत्रो, कोचिंग सेंटर एजेंसियों, सार्वजनिक स्थानों पर जाकर नागरिकों को फीडबैक के बारे में जानकारी देकर उनसे फीडबैक कराया जा रहा है ताकि फीडबैक देने निर्धारित समय सीमा 31 अगस्त के पहले अधिक से अधिक संख्या में नागरिक सकारात्मक फीडबैक देकर स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर को अच्छी रैंक दिलाने मे सहयोगी बने। इसी क्रम में भूतेश्वर मंदिर परिसर में संत रविदास वार्ड की पार्षद रानी अहिरवार के साथ स्मार्ट सिटी के रजत गुप्ता, इन्क्यूबेशन सेंटर के प्रोजेक्ट मैनेजर कन्हैया, आईसीटी एक्सपर्ट शुभम दुबे और उनकी टीम द्वारा परिसर में शिविर लगाकर नागरिकों से सिटिजन फीडबैक कराया गया और नागरिकों ने सिटीजन फीडबैक के बाद सेल्फी ली ताकि वह अपने मित्रों और परिवार वालों को भी फीडबैक देने के लिए प्रेरित कर सके। सिटी स्टेडियम में खिलाड़ियों एवं छात्र-छात्राओं से फीडबैक कराया गया इसके साथ ही वार्डों में भी वार्ड पार्षदों, जोन प्रभारी, सफाई दरोगा, रैमकी कंपनी के कर्मचारी और इंडिपेंडेंस इंजीनियरों द्वारा फीडबैक कराने का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। वार्ड पार्षदों, जोनप्रभारी, सफाई दरोगा, रैमकी कंपनी के कर्मचारी और इंडिपेंडेंस इंजीनियरों द्वारा फीडबैक कराने का कार्य निरंतर कराया जा रहा है।

## सार-समाचार

### प्रदेश महामंत्री बनने पर सुरेंद्र सुहाने का किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोकनगर जिला प्रभारी सुरेंद्र सुहाने को कांग्रेस कमेटी में प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। सुहाने ने सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट किया। मकरोनिया में सुरेन्द्र सुहाने ने अवंतीबाई की मूर्ती पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कांग्रेस परिवार के सदस्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुरेन्द्र चौधरी, राहुल चौबे, चैतन्य कृष्ण पाडे, सिंटू कटारे, हेमंत लारिया, ज्योति पटेल, पार्षद जितेंद्र खटीक, अभिषेक गौर सहित वरिष्ठ कांग्रेस जनो ने उपस्थित होकर बधाई प्रेषित की।

### शारदा खटीक ने खेजरा धाम के दर्शन किए



**सागर, देशबन्धु।** मप्र कांग्रेस की महासचिव एवं जिला पंचायत सदस्य शारदा खटीक ने सावन के आखिरी सोमवार को ग्राम मेहर खेजरा धाम जाकर दर्शन किए। उसके बाद श्रीमती खटीक ने ग्राम में जनसंपर्क किया। इस अवसर पर किशोरी लाल खटीक, दुलारे उस्ताद, सोनू अहिरवार, राहुल ठाकुर, निखिल, रितेश, मनोज आदि उपस्थित थे।

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्यवाही



**सागर, देशबन्धु।** जिले के तहसील क्षेत्र में त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन से खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरीश दुबे एवं टीम द्वारा नमूना एवं निरीक्षण कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान मां अन्नपूर्णा दही बड़ा केंद्र चितौरा से मावा, बीकानेर मिष्ठान भंडार गौरझामर कलाकंद, जैन स्वीट्स केसली तिगड्डा से मावा गुजिया, चौरसिया जलपान गृह केसली टिकट्डा से कपूरकंद, बीकानेर मिष्ठान भंडार देवरी से पेड़ा, छगन स्वीट्स देवी से दूध कलाकंद छगन स्वीट्स देवरी से दूध कलाकंद, गणेश स्वीट्स देवरी से मिल्क केक के नमूने जांच हेतु लिए। समस्त मिष्ठान विक्रेताओं को आगामी त्यौहार में स्वच्छता बनाए रखने की निर्देश दिए। बाहरी क्षेत्र से आने वाले नकली मावा एवं मिल्क केक को विक्रय न करने संबंधी निर्देश दिए गए। हाल ही में तिली रोड स्थित बीकानेर मिष्ठान के संचालक अनीता यादव पर मानक मिष्ठान विक्रय करने के संबंध में एक लाख रुपए का जुर्माना किया गया है।

### विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**सागर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त तक मप्र में भी खेल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रंखला में खेल और युवा कल्याण विभाग खेल परिसर द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गयाए जिसमें खेल परिसर में संचालित प्रषिक्षण केन्द्र के विभिन्न खेलों. व्हालीबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी एवं एथलेटिक्स, मलखम्ब प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया जिसमें लगभग 350 बालक बालिका खिलाड़ियों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्षन करते हुऐ सहभागिता की।

# भयमुक्त पत्रकारिता के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून जरूरी



**सागर, देशबन्धु।** बीना में पत्रकार कल्याण परिषद का प्रांतीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेदांती त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकारों के हितों में सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठाती हैं क्या कारण है। पत्रकारों की सुरक्षा की बात को आखिर टाल क्यों देती है। सरकार जब भी पत्रकारों की सुरक्षा की बात की जाती है शासन द्वारा टाल दिया जाता है। आज भयमुक्त पत्रकारिता के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून जरूरी है। पूर्व मंत्री प्रभुसिंह ठाकुर ने कहा कि पत्रकारों की आर्थिक स्थिति सुदृण ना होते हुए भी वह अपना काम बखूबी करते हैं शासन द्वारा पत्रकारों को आर्थिक सहायता हेतु ठोस कदम उठाना चाहिए जिससे उनके परिवार का भरण पोषण एवं बच्चों की शिक्षा में कमी ना आए। नगर पालिका सीएमओ सुरेखा जाटव ने कहा पत्रकार समाज का दर्पण होता है हमें, समय-समय पर क्षेत्र की हालातो से अवगत कराते रहते हैं जिससे हमें कार्य करने में भी सुविधा होती है। मीडिया से जुड़े लोगों को मो. नईम खान, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष निर्मला सप्रे, दिवाकर विश्वकर्मा, डॉ. नरेंद्र सिंह ठाकुर, हाजी इरफान खान, भाजपा नेता कमलेश राय, अनिल ओझा, सूर्यकुमार दुबे आदि ने संबोधित किया। संचालन राकेश सेन, आभार सुजीत क्लॉडियस ने जताया। इस मौके पर संतोष झा, हेमंत गोलंदाज, जुझार सिंह राजपूत, वीरद्र सिंह, वीरू ठाकुर, विकास दीक्षित आदि मौजूद थे।

### कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण लंबित न रहे: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक आर्य ने जिला पेंशन अधिकारी को निर्देश दिए कि कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण लंबित न रहे। विभागों में जो कर्मचारी अगले 6 माह में रिटायर होने वाले है, उनकी सूची तैयार करें। उनके संबंध में डाटा रखें। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण समय पर भिजवाना सुनिश्चित करें, जिसके उनका निराकरण किया जा सकें। कलेक्टर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लंबित पत्रों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति के प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारियों से रिक्त पदों की जानकारी लेकर रिक्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति देने की कार्रवाही करें। बैठक में मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना 2.0 की नगरीय निकाय और जनपद वार समीक्षा की गई। सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंल योजना में कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। जिस निकाय में संबंल योजना के आवेदनों के निराकरण का प्रतिशत 95 से कम होगा, उसके अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाही की जाएगी।

# सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने दिया ज्ञापन

**देवरीकलां, देशबन्धु।** देवरी विकासखंड की ग्राम पंचायत कांसखेड़ा के ग्राम घुघरी में शासकीय भूमि एवं आम रास्तों पर अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर जनपद सदस्य प्रतिनिधि श्याम सुंदर कटारे ने एक ज्ञापन तहसीलदार देवरी को सौंपा है। जिसमें उल्लेख किया गया है की ग्राम सभा के प्रस्ताव 10 अक्टूबर 2022 को ग्राम घुघरी के पटवारी हल्का नंबर 31 के लोगों द्वारा अतिक्रमण हटाने के संबंध में पूर्व में एक ज्ञापन तहसीलदार देवरी को दिया गया था। जिसमें 5 दिसम्बर 2022 को पटवारी हल्का नंबर 31 के द्वारा ज्ञापन कर्ताओं सहित अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसके संबंध में तहसीलदार द्वारा नोटिस जारी किए गए थे परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई यह कार्यवाही क्यों नहीं की गई या तो नेताओं के द्वारा अथवा धन प्रलोभन के कारण कार्यवाही नहीं की जा सकी इसके बाद 22 अगस्त 2023 को ज्ञापन दिया गया था, कि अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ कार्रवाई की जाए, जितने लोगों के द्वारा ज्ञापन दिया जा रहा है पटवारी के द्वारा 5 दिसम्बर 2022 को उन्हीं के विरुद्ध सार्वजनिक भूमि तथा श्मशान घाट तथा सार्वजनिक रास्तों पर कब्जा किया गया है जो की पटवारी रिकॉर्ड के अनुसार सत्यापित एवं 5 दिसम्बर 2022 को तहसीलदार के कार्यालय में प्रकरण लंबित है जिन पर तुरंत कार्यवाही की जाए जिसमें उक्त व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण किया गया है जिनमें अनिल शारदा, बिल्थरे खसरा नं. 50 एवं 143 जो कि आम रास्ता है, प्रमोद गोपाल बिल्थरे खसरा नं. 50 एवं 143 आम रास्ता, विनोद रामगोपाल बिल्थरे खसरा नं. 143 आम रास्ता, रामशरण शारदा बिल्थरे खसरा नं. 143 आम रास्ता, गिरीश शारदा बिल्थरे खसरा नं. 143 आम रास्ता, प्रेमनारायण छोटेलाल शुक्ला खसरा नं. 138/1 मुक्ति धाम के लिए आरक्षित, पुन्नी मनमोद अहिरवार खसरा नं. 138/1,139 मुक्ति धाम, मनोज अरविंद दुबे खसरा नं. 48 गौठान, मनीष अरविंद दुवे खसरा नं. 49, सीताराम धर्मदास खसरा नं. 138/1 मुक्ति धाम, परषोत्तम अमरसिंह लोधी खसरा नं. 80 आम रास्ता, द्वारका पोटेराम, सुरेश पोटेराम, गिरजा प्रसाद पटेल, रघुनंदन ब्राम्हण, सुनीता ब्राम्हण, दीनानाथ ब्राम्हण, सपना मिश्रा, कडोरी कोटवार, राजेश अहिरवार, अनुज रघुनंदन के द्वारा खसरा नं. 50 जो कि आम रास्ता है, राकेश तिवारी, भगवान दास आदिवासी, घासीराम आदिवासी खसरा नं. 6 जो आम रास्ता है, कडोरी सुकई के द्वारा खसरा नं. 50 पर कब्जा किया गया है यह सभी अतिक्रमण कारी जो कि खुद ही सरकारी जगह पर अतिक्रमण किये हैं और बार बार इनके द्वारा शासन को ज्ञापन अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर ज्ञापन दिया जाता हैं। इन सभी पर जनपद सदस्य सुप्रिया कटारे के प्रतिनिधि श्याम सुंदर कटारे ने आवेदन के माध्यम से अनुरोध किया है कि अतिक्रमण धारियों पर अर्थदंड अधिरोपित करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की मांग की है। वही दूसरी ओर जनपद सदस्य प्रतिनिधि श्याम सुंदर कटारे ने दूसरी ओर यह भी कहा कि अगर प्रशासन निष्पक्ष रूप से अतिक्रमण हटाने में सक्षम नहीं है तो वह इन सभी अतिक्रमणकारियों को इनके द्वारा जिन जमीनों पर अतिक्रमण किया गया है उनका मलकाना हक दे दिया जाए। वही इस मामले में तहसीलदार प्रीति रानी चौरसिया का कहना है कि जनपद सदस्य प्रतिनिधि श्याम सुंदर कटारे द्वारा एक आवेदन दिया गया है जिसमें उन्होंने ग्रामीणों द्वारा गांव में किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। जिन रास्तों और जमीनों पर ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण किया गया है उन सभी पर नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

### मताधिकार का प्रयोग करने की अधिकारियों कर्मचारियों ने शपथ ली

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर सभाकक्ष में अधिकाररियों कर्मचारियों ने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। सभी शासकीय सेवकों ने शपथ ली कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीसी शर्मा, संयुक्त कलेक्टरविनय द्विवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, प्राचार्य वायपी सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# इतवारी वार्ड स्थित डेयरी के 24 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट किया



**सागर, देशबन्धु।** जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से डेरियों को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहा. आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में हुई कार्रवाई के तहत इतवारी वार्ड स्थित विक्की अनु जैन की डेयरी के 24 पशुओं को शहर से बाहर विस्थापन स्थल रतौना नगर निगम के वाहन द्वारा शिफ्ट किया गया। इसके साथ ही डेयरी विस्थापन दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शेष रह गई डेयरियों के विस्थापन हेतु पशुपालकों से चर्चा कर पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट करने हेतु हिदायत दी। निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम के सभी जोन प्रभारी, उपयंत्री एवं वार्ड दरोगा अपने-अपने वार्ड में शेष रह गई डेरियों को शहर से बाहर विस्थापित करने की कार्रवाई करें। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार, उमेश चौरसिया सहित दल के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# युवक ने की सुसाइड, दोस्त को भेजा उसके पहले वीडियो

**सागर, देशबन्धु।** सानौधा थाना की शाहपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम पड़रिया में एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सुसाइड करने से पहले मृतक ने एक वीडियो बनाकर अपने दोस्त व पूर्व सरपंच को भेजा था। जिसमें उसने गांव के ही कुछ लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाया है। घटनाक्रम सामने आते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भगवान पुत्र देवी सिंह ठाकुर उम्र 26 साल निवासी पड़रिया रात में अपने घर पर था। इसी दौरान उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले भगवान सिंह ने एक वीडियो बनाया। जिसमें उनसे गांव के कुछ लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाया। वीडियो बनाकर मृतक ने अपने दोस्त इमरान खान और पूर्व सरपंच अशोक सिंह ठाकुर को भेजा। वीडियो भेजने के बाद भगवान सिंह ने फंदा लगा लिया। सुबह दोस्त इमरान ने मोबाइल पर आए वीडियो को देखा तो वह दंग रह गया। तत्काल भगवान सिंह के घर पहुंचा। जहां देखा तो भगवान सिंह फंदे पर झूल रहा था। दोस्त ने तत्काल पुलिस और परिवार वालों को घटना की सूचना दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और मामले की जांच शुरू की। सुसाइड से पहले मृतक भगवान सिंह ने वीडियो में कहा कि मैं भगवान सिंह, आत्महत्या करना चाहता हूं। मदन कुर्मी उसका बेटा प्रदुम, वकील कुर्मी, इन लोगों ने मेरी जान में हद करके रखी है। मैं आत्महत्या करना चाहता हूं, ये हर गांव वालों को परेशान करते हैं। मेरी कोई वो नहीं है और अरविंद कुमी, घनसू कुर्मी, हल्ले भाई कुर्मी इन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराना चाहता हूं। मैं शिकायत भी कर दी है। यह लोग मवेशी ले जाते हैं और मेरे खेत में छोड़ देते हैं। मैं शिकायत करता हूं तो जान से मारने की धमकी देते है। इसलिए मैं आत्महत्या करने जा रहा हूं। शाहपुर चौकी प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि पड़रिया में युवक ने सुसाइड की है। मामले में मृतक का एक वीडियो सामने आया है। मोबाइल व वीडियो को जब्त किया गया है। जिसकी जांच कराई जा रही है। मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### प्रेसिडेंट इन काउंसलिंग की बैठक का किया गया आयोजन



**बीना, देशबन्धु।** नगर पालिका कार्यालय के सभा कक्ष में प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शहर के विकास एवं निर्माण कार्यों के 91 प्रस्ताव रखे गए। जिनमें 2 प्रस्ताव अस्वीकृत किए गए एवं 89 प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष सहित सभापति जितेन्द्र बोहरे, गौरीशंकर राय, मधुलिका यादव, प्रतिमा संजय सिंह, मीना हरिओम चौबे एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उपयंत्री उपस्थित रहे।

### बहनों का सम्मान, भाजपा का परम लक्ष्य है: शैलेंद्र जैन



**सागर, देशबन्धु।** भाजपा द्वारा जिला कार्यालय में रक्षाबंधन पर्व का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शैलेंद्र जैन उपस्थित थे। उन्होंने बहनों से राखी बंधवाई और उनके रक्षा का वचन दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री जैन ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व पुरातन समय से भाई-बहन के टूट रिश्ते का प्रतीक है जहां रक्षाबंधन के दिन भाई अपनी बहन की रक्षा का वचन देता है, इसी बात का लाज रखते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बहनों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है बहनों को आर्थिक संबल देने की दिशा में कार्य कर रहे हैं लाडली बहन योजना के तहत 1000 की राशि और बहन के खाते में डाली जा रही है जो रक्षाबंधन के अवसर पर बढ़कर 1250 रुपए कर दी गई है। कार्यक्रम को निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं महामंत्री श्याम तिवारी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में जगन्नाथ गुरैया, प्रतिभा चौबे, विक्रम सोनी, मेघा दुबे सहित बड़ी संख्या में बहने उपस्थित थी।

# शारीरिक दक्षता, मानसिक स्वास्थ्य, बौद्धिक विकास एवं अनुशासन के माध्यम से विद्यार्थी करें सम्रग व्यक्तित्व का विकास: प्रो. नीलिमा गुप्ता



**सागर, देशबन्धु।** शारीरिक शिक्षा विभाग डॉ. हरीसिंह गौर विवि में नवीन पाठ्यक्रय बीपीईएस के अभिविन्यास प्रेरण कार्यक्रम आरम्भ 2023 का उद्घाटन कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अधिष्ठाता प्रो. बीआई गुरू एवं निदेशक डॉ. विवेक बी साठे भी उपस्थित रहे। स्वागत भाषण डॉ. विवेक बी साठे ने दिया। प्रो. नीलिमा गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी अध्ययनशील बने तथा समय का उचित प्रबंधन करें। शारीरिक शिक्षा के माध्यम से शारीरिक दक्षता, मानसिक स्वास्थ्य, बौद्धिक विकास एवं अनुशासन के माध्यम से छात्र-छात्रायें सम्रग व्यक्तित्व विकास का प्रयास करें। उन्होंने विभाग को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि यह विभाग अभी तक विवि की खेल कूद गतिविधियों को संचालित किया करता था, परंतु अब यह शैक्षणिक विभाग के रूप में भी उत्कृष्टता को प्राप्त करेगा। विशिष्ट अतिथि प्रो. बीआई गुरू ने कहा कि इस नवीन पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्रओं को अवश्य ही लाभ मिलेगा एवं छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होगा। निदेशक ने डॉ. साठे ने कहा कि यह विभाग शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा। संचालन महेन्द्र कुमार वाथम द्वारा किया गया एवं अभार विनय शुक्ला ने माना।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।